अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 223 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 07 अगस्त 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# राजीव गांधी नहीं, अब मेजर ध्यानचंद के नाम पर होगा खेल रत्न अवॉर्ड

## पीएम मोदी ने कहा- देशवासियों के आग्रह पर किया ऐसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज घोषणा की है कि राजीव गांधी खेल रतन अवॉर्ड का नाम अब मेजर ध्यानचंद खेल रतन अवॉर्ड होगा। पीएम मोदी ने कहा कि देशवासियों के आग्रह के बाद उन्होंने यह निणन्य लिया है। पीएम ने ट्विटर के जरिए यह ऐलान किया। यह अवॉर्ड देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान है। पहली बार



यह पुरस्कार 1991-92 में दिया गया था। पीएम ने ट्विटर पर लिखा, 'ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड.ियों के शानदार प्रयासों से हम सभी अभिभूत हैं। विशेषकर हॉकी में हमारे बेटे-बेटियों ने जो इच्छाशक्ति दिखाई है, जीत के प्रति जो ललक दिखाई है, वो वर्तमान और आने वाली पीढ.ियों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है।' उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा, 'देश को गर्वित कर देने वाले पलों के बीच अनेक देशवासियों का ये आग्रह भी सामने आया है कि खेल रतन पुरस्कार का नाम मेजर ध्यानचंद जी को समर्पित किया जाए। लोगों की भावनाओं को देखते हुए, इसका नाम अब मेजर ध्यानचंद खेल रतन पुरस्कार किया जा रहा है। जय हिंद!' भारतीय हॉकी टीम के लिए टोक्यो ओलंपिक यादगार रहा है। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय मेंस हॉकी टीम ने 41 साल बाद कोई मेडल जीता, जबकि महिला टीम चौथे नंबर पर रही। दोनों टीमें ब्रॉन्ज मेडल मैच तक पहुंचीं, लेकिन मेंस टीम ने जीत दर्ज की, जबकि महिला टीम 3-4 के अंतर से हार गई।

## एलएसी से आई खुशखबरी: अब गोगरा से भी पीछे हटे चीनी सैनिक, बोरिया-बिस्तर भी ले गए साथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के बीच 31 जुलाई को सैन्य बातचीत के बाद दोनों देशों ने शांति की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सहमति के मुताबिक, दोनों देशों ने गोगरा इलाके में डिसइंगेजमेंट को अंजाम दिया है। दोनों ही देशों ने अग्रिम इलाकों से अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है। इसके साथ ही बनाए गए अस्थायी ढांचे भी नष्ट कर दिए गए हैं। यहां तनातनी से पहले वाले हालात को बहाल किया गया है। इससे पहले फरवरी में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से चीन पीछे हटा था। भारत और चीन के सैनिक पिछले साल अप्रैल से ही पूर्वी लद्दाख के कई इलाकों में आमने-सामने थे और जून में हिंसक झड़प भी हुई थी। भारतीय सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि समझौते के तहत र्थ्ंण् के इस इलाके की सख्ती से निगरानी की जाएगी और दोनों पक्ष इसका सम्मान करेंगे।

## कोरोना के खिलाफ जंग में बड़ा मुकाम, देश में लगे टीके के 50 करोड़ डोज, 203 दिन में यह उपलब्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना के खिलाफ जंग में देश ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अब तक देश में कोरोना टीके के 50 करोड़ डोज लगाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। देश ने 203 दिनों में यह उपलब्धि हासिल की है। टीकाकरण अभियान की शुरुआत इस साल 16 जनवरी को की गई थी। देश में अब तक प्रतिदिन औसतन 24 लाख से अधिक डोज दिए गए हैं।पीएम मोदी ने ट्वीट किया, "कोरोना के खिलाफ भारत की जंग को तेज गति मिली है। टीकाकरण की संख्या 50 करोड़ के पार चली गई है। हम इन आंकड़ों को बढ़ाते रहने की उम्मीद करते हैं और 'सबको वैक्सीन मुफ्त वैक्सीन आंदोलन' के तहत सभी नागरिकों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट किया, "कोरोना से लड़ाई में भारत ने प्राप्त की ऐतिहासिक उपलब्धि, देश ने टीकाकरण में 50 करोड़ के आंकड़े को पार किया।

## अखिलेश ने खुद को बताया 'बड़ा हिंदू', योगी आदित्यनाथ ने दिया जवाब, कहा- उनके अब्बाजान तो...

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच शुक्रवार को जमकर शब्दबाण चले। अखिलेश यादव ने खुद को बीजेपी के नेताओं से बड़ा हिंदू बताया तो सीएम योगी ने राममंदिर के बहाने उनपर निशाना साधा। सीएम योगी ने तंज कसते हुए कहा कि उनके अब्बाजान (मुलायम सिंह यादव) कहते थे कि वहां (अयोध्या में) परिंदे को भी पर नहीं मारने देंगे, लेकिन अब वहां राम मंदिर का निर्माण शुरू हो गया है। अगले तीन साल में वहां एक बड़ा भव्य मंदिर होगा।

योगी बोले, हमने कहा था कि मंदिर वहीं बनाएंगे। हमने 1990 में भी कहा था कि जहां राम लला विराजमान हैं, वहीं मंदिर बनेगा। तब इन लोगों ने गोली चलवा दी थी, लेकिन अब आप देख लीजिए, मंदिर का काम शुरू हो चुका है और जल्द इसे पूरा किया जाएगा। अखिलेश के 400 सीटें जीतने के दावे पर योगी



ने चुटकी लेते हए कहा कि मैं तो हैरान हूं। उन्होंने 500 सीट क्यों नहीं बोला। अब जब बोलना ही है तो कुछ भी बोल दो। सपना देखने का हक सबको है। अखिलेश यादव ने कहा, "पहले तो मैं जवाब दे दूं, बीजेपी वालों से बड़े हिंदू हम हैं। उनकी जो परिभाषा है हिंदू वाली वह हमें नहीं चाहिए, जो नफरत फैलाती हो, लड़ाती हो समाज को बांटती हो।, हम उनसे बड़े हिंदू हैं। जहां तक भगवान की पूजा की बात है, आप सैफई का दिखाइए, हमारा जन्म तो अभी हुआ, हमारे यहां मंदिर तो हमारे जन्म से पहले के हैं। नेताजी हनुमान जी की पूजा ना जाने कब से करते आए हैं, तो हम हैं ही नहीं हिंदू, केवल भारतीय जनता पार्टी हिंदू है? जो पाप करे वह हिंदू है?'सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया कि बीजेपी सरकार ने यूपी को पीछे कर दिया है। दोनों सरकारों (केंद्र और यूपी) ने उत्तर प्रदेश को आखिरकार क्या दिया? यह मेनिफेस्टो नहीं बनाते हैं, मनीफेस्टो बनाते हैं। एक्सप्रेस-वे इनके नहीं हैं। इससे बड़ा झूठ और क्या हो सकता है? समाजवादी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में से समाजवादी नाम हटा दिया और एक्सप्रेस-वे अपना कर लिया।

# कर्नाटक के भटकल से दबोचा गया आईएसआईएस का आतंकी

## जिहादियों की भर्ती में जुटा था अबु हाजिर अल बदरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खूंखार आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के देश में फैले मॉड्यूल को ध्वस्त करने की कोशिशें जारी हैं। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने घ्घ्ए के एक संदिग्ध मददगार को कर्नाटक के भटकल से पकड़ा है। आईएसआईएस के इस संदिग्ध आंतकी का नाम जुफ्री जवाहर दामुदी उर्फ अबु हाजिर अल बदरी बताया जा रहा है। जांच एजेंसी के मुताबिक जुफ्री जवाहर खूंखार आतंकी संगठन का प्रमुख आतंकवादी है। पुलिस ने जुफ्री को उसके एक साथ अमीन जुहैब के साथ पकड़ा है। बताया जा रहा है कि बदरी अप्रैल 2020 से राष्ट्रीय जांच के रडार पर था। यह भी जानकारी मिली है कि बदरी आईआईएसएस के ऑनलाइन मैग्जीन 'न्न्दग्म द प्ष्ट' को निकालने और उसके प्रसार में प्रमुख रूप से शामिल था। इस मैग्जीन के जरिए आईएसआईएस अपना प्रोपेगैंडा फैलाता है और लोगों को बरगलाता भी है। बताया जा रहा है कि बदरी र्ध्न्स्ग्म् ए्रू - ख्र्द्दह और सीरिया में बैठे अपने आकाओं के सीधे संपर्क में था। इस मैग्जीन के प्रचार-प्रसार के अलावा बदरी हथियार और विस्फोट जमा करने, मुजाहिद्दीन के लिए फंड जुटाने और भतिर्यां करने में भी शामिल था।

बदरी के बारे में यह भी बताया



जा रहा है कि वो अपने साइबर कॉन्टैक्ट्स का इस्तेमाल काफिरों की हत्या करने के अलावा पुलिस और पत्रकारों की हत्या करवाने में भी करता था। इसके अलावा वो मंदिरों या सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाली तस्वीरों का भी प्रचार-प्रसार करता था। साइबर स्पेस पर अबु हाजिर अल बदरी ने खुद के बारे में बताया है कि वो अफगानिस्तान/पाकिस्तान का रहने वाला है। वो यहां सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए हर मुमकिन कोशिश भी कर रहा था। हालांकि, उसके दावों के बावजूद यह कहा जा रहा है कि अबू हाजिर अल बदरी पाकिस्तान या अफगानिस्तान का रहने वाला नहीं है बल्कि वो भारत का रहने वाला है।

साइबर स्पेस पर उसके बारे में मौजूद जानकारियों को पढ़ने के बाद और 11 जुलाई को पकड़े गये उमर नासिर से पूछताछ और विदेशी जांच एजेंसियों के साथ को-ऑर्डिनेशन में जांच पड़ताल के बाद अबु हाजिर अल बदरी की असली पहचान जुफ्री जवाहर दामुदी के तौर पर की गई है और कहा जा रहा है कि वो भटकल का रहने वाला है।

## दिल्ली दंगे : ताहिर हुसैन को झटका, जमानत याचिका 18 अगस्त तक के लिए टली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हिंसा से संबंधित चार अलग-अलग मामलों में आम आदमी पार्टी (ंइ) के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की जमानत याचिका 18 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। ताहिर हुसैन ने दिल्ली हिंसा से संबंधित चार मामलों में अपनी जमानत याचिका दायर की है। जस्टिस योगेश खनन ने कहा कि एक मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दायर एक स्टेटस रिपोर्ट रिकॉर्ड में है और तीन मामलों में दर्ज की गई स्टेटस रिपोर्ट रिकॉर्ड में नहीं है। अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 18 अगस्त को सूचीबद्ध कर दिया, जिसमें दिल्ली पुलिस द्वारा दायर अन्य स्टेटस रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लाने का निर्देश दिया गया।ताहिर हुसैन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मोहित माथुर और वकील रिजवान ने अदालत से याचिका को उसी बेंच को भेजने का आग्रह किया जो पहले से ही ताहिर की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है।
























# प्रवर्तन दल की नई पहल चलो उपभोक्ता के द्वार



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रवर्तन दल प्रथम के विशेष मुहिम के अंतर्गत उपभोक्ता के द्वार चलो अभियान उच्च अधिकारियों के कुशल निर्देशन में चलाया गया त् इस मुहिम का उद्देश्य अपेक्षित राजस्व प्राप्त करना तथा विद्युत उपभोक्ताओं को सुलभ विद्युत सेवाएं प्रदान करना है त् आपको बताते चलें कि शुक्रवार को प्रयागराज में हाईलाइन लास फीडर के काटी ग्राम खितिरिया में पुलिस उपाधीक्षक प्रयागराज जोन प्रयागराज के नेतृत्व में एसडीओ विजिलेंस भोलानाथ मिश्र एसडीओ नैनी ,प्रभारी प्रवर्तन दल प्रथम प्रयागराज जनार्दन यादव, अवर अभियंता भीरपुर, अवर अभियंता प्रवर्तन आनंद पांडेय, विजिलेंस टीम मीटर विभाग, मीटर रीडर लाइनमैन के साथ खितिरिया गांव में डोर टू डोर चेक किया गया,जिसमें कुल 20 घरों को चेक किया गया त् तथा 8 नए मीटर लगाए गए, 6 नए संयोजन कराए गए,10 बकाए पर विच्छेदन किए तथा 5 कृषि विधा , 2 घरेलू विधा तथा 2 व्यवसायिक विधा में एफ आई आर कराए गए व साथ ही 20 हजार बकाया जमा कराया गया।

## प्रवर्तन दल के नए मुहिम से गांव के उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

प्रवर्तन दल प्रथम के इंचार्ज जनार्दन यादव ने बताया कि उपभोक्ता के द्वार चलो अभियान से उपभोक्ताओं की समस्या का निदान किया जाएगा तथा जिस उपभोक्ता के घर मीटर नहीं लगा होगा उनके घर मीटर लगाया जाएगा व बकाया बिल की वसूली भी साथ की जाएगी त् तथा उपभोक्ताओं का समय बचेगा एवं तुरंत विद्युत सुविधाएं प्राप्त होगी, और विद्युत विभाग के ऊपर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों से छुटकारा मिलेगा , साथ ही उपभोक्ताओं को हर महीने मीटर रीडिंग तथा बिलिंग भी समय से होती रहेगी।

## बाढ प्रभावित लोगों की नाँव की सुविधा मुहैया कराया हथसरा प्रधान

**करछना।** थाना क्षेत्र के गंगा टोंस किनारे बाढ का पानी गांवो में प्रवेश कर रहा है जिसको लेकर गांव वालों को आने जाने में दिक्कतोंका सामना करना पड रहा है, जिसको लेकर गांव के प्रधान शिव गणेश के माध्यम से हथसरा टिकुरी मार्ग पर नाव की सुविधा कर दी गई है बाढ़ की वजह से आवागमन बाधित हो गया था ।प्रधान द्वारा नाँव कीं सुविधा करायें जाने से ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए सराहना कीं है



# पुरैनी प्रधान ने ग्रामीणों को वितरण किया खाद्यान्न सामग्री

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पुरैनी गांव में प्रधानमंत्री निःशुल्क अनन महोत्सव का नेतृत्व करते हुए प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पाण्डेय ने गांव के लोगों को गेहूं, चावल के साथ बैग का वितरण किया गया इस मौके पर प्रधान मंजू पाण्डेय की मौजूदगी में कोटेदार ने सभी ग्रामीणों को खाद्यानन सामग्री वितरण किया इस मौके पर गांव के कयी गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



# मेजा तहसीलदार ने गंगा घाटों का किया निरिक्षण

**सिरसा,मेजा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे गंगा नदियों के जलस्तर को देखते हुए शासन प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है। तहसीलदार मेजा विशाल शर्मा लगातार घाटों का निरीक्षण कर निगरानी बनाए हुए हैं।गुरुवार शाम समहन, छतवा, सिरसा,बिजौरा, बामपुर, नरवर चौकठा आदि गांवों का निरीक्षण कर लोगों को गंगा तट के आस पास न जाने की अपील की है।बीते चार-पांच दिन से तेजी से बढ़ रहे गंगा नदियों के जलस्तर से गंगा तट पर बसे लोगों के लिए आफत बनी हुई है। वही प्रशासन भी पूरी तरीके से अलर्ट मूड पर है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार विशाल शर्मा गंगातट इलाकों में रहने वालो को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रशासन लोगों की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी बनाए हुए हैं तथा मुनादी करवाकर उन्हें अलर्ट कर रहा है

# यमुना से सटे गांवों के मुहाने पहुंचा बाढ़ का पानी, सैकड़ो बीघे तराई की फ़सले जलमग्न

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** यमुना का तेजी से बढ़ रहा जलस्तर यमुना से सटे दर्जनों गांवों के मुहाने पर बाढ़ का पानी पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। शुक्रवार के दिन यमुना बाढ़ का पानी घूरपुर तराई इलाके के बसवार, अमिलिया, पालपुर, इरादतगंज, सारीपुर, बीकर, देवरिया, मोहनी का पूरा, कंजासा, कैनुआ, बिरवल, गांवो मे नालो के रास्ते बाढ़ का पानी बस्तियों के मुहाने तक पहुंच गया है। यमुना से सटे गांवों के लोगों में तेजी से बढ़ रहे पानी और गांवो के मुहाने पर दस्तक देने से हड़कंप मच गया है। लोग वर्ष 2010 और 2013 की जैसे बाढ़ की हालत बनते देख सकते में है।

**तराई के सैकड़ो बीघे फ़सल जलमग्न**

यमुना के उफान की चपेट में आए दर्जनों गांवो के तराई की खरीफ की फसले और तराई मे उगाई हरी सब्जियां जलमगन हो गई है। वहीं बीकर, देवरिया, भीटा, मोहनी का पूरा गावों के तराई में पूर्वांचल और बिहार राज्य के कई जनपदों के किसान यहां आकर

बटाई पर लेकर बड़े पैमाने पर हरी सब्जियों की खेती करते हैं गुरूवार के दिन बाढ़ के पानी से पूरी सब्जियां जलमगन हो गई। किसानों का मानना है कि यदि जल्द पानी नहीं घटा तो सब्जियां और अन्य फसले बर्बाद हो जायेगी।



## आधी डूबी सुजावन देव

देवरिया भीटा के यमुना की धारा में पहाड़ी पर स्थित सुजावन देव मंदिर की सतह जहां पूरी तरह यमुना के उफ़न में डूबी थी वहीं शुक्रवार के दिन मंदिर का आधा हिस्सा बाढ़ के पानी में डूब गया है।

# 20 लीटर कच्ची देसी शराब के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने धर दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के बभनकुइयां गांव के सामने हाईवे पर गुलाब बाबा के पास एक गुमटी में रखकर नाजायज कच्ची देसी शराब बेच रहे अभियुक्त को 20 लीटर शराब के साथ सहसों पुलिस ने दबिश देकर धर दबोचा।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सायंकाल 4 बजे चौकी प्रभारी भीष्म नारायण सिंह ने मय हमराह हेड कांस्टेबल शमीम अहमद खां, हेड कांस्टेबल उमेश सिंह यादव व कांस्टेबल साहब सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त के दौरान हाईवे टोल प्लाजा पर मौजूद रहे तभी मुखबिर खास की सूचना पर हंडिया- कोखराज नेशनल हाईवे पर बभनकुइऱ्यां गांव के सामने गुलाब बाबा के पास एक गोमती में नाजायज कच्ची शराब बेच रहे 50 वर्षीय ज्ञान सिंह पुत्र राम कैलाश सिंह निवासी कसगांव जगबंधन पुर थाना सराय इनायत को दबिश देकर धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्त के पास से तलाशी में गुमटी के पीछे एक प्लास्टिक की पिपिया में नाजायज कच्ची देसी शराब बरामद हुई। बरामद हुई कच्ची शराब को शील करके जांच के लिए भेज दिया गया। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धारा के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस के अनुसार चूंकि उपरोक्त अपराध जमानती है लिहाजा मौके पर पकड़े गए अभियुक्त को निजी मुचलका तैयार कर जमानत देते हुए छोड़ दिया गया।

# विश्व स्तनपान सप्ताह एक अगस्त से सात अगस्त, 2021 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है

**अखंड भारत संदेश**

**जारी/ प्रयागराज ।**जसरा विकासखंड ब्लॉक के अंतर्गत विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष में संयुक्त रुप से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा एवं मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज विभाग की तरफ से आयोजित किया गया है जिसमें आशा एएनएम को स्तनपान के विषय में सैनिटाइजेशन परीक्षण किया गया।

मुख्य बिंदुओं पर देखा जाए तो विश्व स्तनपान सप्ताह एक वार्षिक उत्सव है जो हर साल 120 से अधिक देशों में आयोजित किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ष्ध्) के अनुसार, बच्चे के स्वास्थ्य और अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए स्तनपान सबसे प्रभावी तरीका है।



स्तनपान शिशुओं को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है जो वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक हैं। ष्ध् के अनुसार, मां का दूध शिशुओं के लिए आदर्श भोजन है। यह सुरक्षित, स्वच्छ और उनके लिए पहले टीके के रूप में कार्य करता है। यह उन्हें कई सामान्य बचपन की बीमारियों से बचाता है। भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, स्तनपान शिशु की प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने में मदद करता है।

शिशु मृत्यु दर को कम करता है, श्वसन पथ के संक्रमण, एलर्जी रोग, मधुमेह और बचपन के ल्यूकेमिया जैसे संक्रमणों के विकास के जोखिम को कम करता है। जिसमें विभागाध्यक्ष एसपीएम एवं अधीक्षक डॉ तरुण पाठक मौजूद रहे। सीएससी जसरा ब्लाक

## आवास पात्रता सूची में गडबडी की शिकायत पर होगी कार्रवाई - कमलेश द्विवेदी

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर प्रधानमंत्री आवास व शौचालयों के आवंटन के पश्चात पूर्व प्रधानो एवं वर्तमान प्रधानो के द्वारा गरीबों को मिलने वाले आवास आवंटन में पात्र लाभार्थिऱ्यों के नाम को पुनः अपात्र दिखाने की शिकायतें लगातार मिल रही है, और गांव की गरीब जनता परेशान हो रही है, उक्त बातें विकास खंड करछना के ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी के प्रतिनिधि पति कमलेश द्विवेदी ने शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय पर जन प्रतिनिधि ओ द्वारा शिकायत करने के पश्चात कहीं, इस बावत एडीओ पंचायत विवेक पाण्डेय व बीडीओ करछना के साथ बैठक कर दोषी जनों के खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई करने की अपील करते हुए कडी कार्रवाई करने की चेतावनी दी ।जन समस्या सुनवाई के दौरान ब्लाक के बडी संख्या में बीडीसी सदस्यों के अलावा प्रधान हिमान्शु सिंह, ओपी सिंह पटेल संतोष पांडेय सहित ब्लाक कर्मी मौजूद रहे ।

# जनेश्वर मिश्र जयंती पर करछना में सपाइयों ने निकाली विशाल साइकिल यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी नेता श्री जनेश्वर मिश्र जी के जन्मदिवस पर समाजवादी पार्टी भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ करछना तहसील में समाजवादी साइकिल यात्रा निकाली गई। यह साइकिल यात्रा करेहा मोरी से प्रारंभ हुई जिसके बाद करेहा बारी,कपठुआं, बेला चौराहा, हिन्दूपर, करछना ब्लाक,शाधूकुटी, गलूआबाद, रामपुर हल्दी,मुगारी होते हुए यूथ ब्रिगेड के नि. जिला महासचिव डॉ गुलाम मुस्तबा के जीवनदीप हास्पिटल पर यात्रा का समापन हुआ।





साइकिल यात्रा के माध्यम से समाजवादी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की डबल इंजन सरकार के काले कारनामों पर विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी साइकिल यात्रा मोहम्मद आज़म खां को फर्जी मुकदमों में फंसाकर जेल में रखने, चरम पर अपराध और भ्रष्टाचार, बेलगाम मंहगाई, किसानों पर काले कृषि कानूनों की मार, बेरोजगारी से बेहाल नौजवान, महिला उत्पीड़न, आरक्षण पर'संघी' प्रहार, जिला पंचायत में धांधली के कारण लोकतंत्र पर खतरा और चैपट स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण कोरोना से हुई मौतें आदि मुद्दों को लेकर हुई। इस यात्रा का प्रारम्भ करछना विधायक के प्रतिनिधि राजेश्वर पांडे बड़े बाबू व पूर्व ब्लाक प्रमुख श्री विजय राज सिंह राजू ने झण्डी दिखाकर किया।

साइकिल यात्रा सुरु होने से पूर्व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता व युवा समाजवादी नेता शाहबाज़ हक़ ने सभी कार्यकर्ताओं में जोश? भरते हुए कहा कि प्रदेश में आज व्यापक अव्यवस्था के चलते जनसामान्य बुरी तरह परेशान है। आवश्यक खाद्य पदार्थों के दाम दुगना-तिगुना बढ़े हुए है जबकि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। सत्ता संरक्षित अपराधियों के आतंक के आगे प्रशासनतंत्र विशेषकर पुलिस बल अपने को असहाय पा रहा है। जाति देखकर अपराधियों के साथ व्यवहार होता है। भाजपा सरकार केवल वादों का हवाई महल बना रही है। यह जनता के साथ विश्वासघात है।

विजय राज सिंह राजू पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना ने कहा समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और समाजवाद के लिए प्रतिबद्ध हैं। भाजपा सरकार संविधान के मूल उद्देश्यों को ही नष्ट करने पर आमादा है। कमजोर वर्गों में असुरक्षा है। जन-मन की हताशा और कुंठा के इस दौर में समाजवादी पार्टी ने साइकिल यात्रा के माध्यम से अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने का निणन्य लिया है। श्री जनेश्वर मिश्र जी युवा शक्ति को सशक्त और संघर्षशील बनाने की प्रेरणा देते रहे थे। 5 अगस्त 2021 को उनके जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी उन्हें उन्हीं के बताए रास्ते से श्रद्धासुमन अर्पित कर रही है। इस अवसर पर राजेश्वर पांडे कमलेश द्विवेदी ब्लाक प्रमुख पति, बड़े बाबू पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह राजू विनय कुशवाहा डॉक्टर गुलाम मुस्तबा शाहबाज़ हक़ केशव मोहित तिवारी हिमांशु मिश्रा मोहित यादव मंजू यादव अखिलेश यादव मो0 सैफ बंटी यादव अजय यादव अमित गुप्ता आशीष मो0 फैसल डॉक्टर अफजल बकरीद मोजम्मिल आलम अजय गुता आदि समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उप्थित रहें

## भाजपा कार्यकर्ता अनूसाशन और सरकारें विकास के लिए जानी जाती हैं : विभवनाथ भारती



### पुनः कमल खिलाकर सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का किया आह्वान

**अखंड भारत संदेश**

**जारी,प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार कौंधियारा मंडल कार्यसमिति के बैठक का आयोजन शुक्रवार को टीडी कांन्बेट स्कूल बारीबजहिया मे किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, विधायक बारा डॉ अजय कुमार रहे। जिलाध्यक्ष श्री भारती ने कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अनूसाशन और सरकारें विकास के लिए जानी जाती हैं।इस छवि को हम सब को आगे भी बनाएं रखना है। प्रदेश मे योगी और देश मे मोदी ने जिस प्रकार आमनागरिकों के लिए कार्य किया है वह इससे पहले की सरकारों मे कभी नही हुआ। इस लिए विकास को लेकर हमे जनता के बीच जाकर 2022 के चुनाव में पुन योगी की सरकार बनाने के लिए अभी से बूथो पर कार्य करना होगा। साथ ही जिलाध्यक्ष ने सरकार की तमाम कार्यो का गुणगान करते हुए आगामी कार्यो की वृस्तृत रूप रेखा रखी। विधायक बारा ने भी सरकारों की उपलब्धियों को गिनाई।

बैठक मे जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल,मंडल प्रभारी वेदेश दत्त पाण्डेय, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि पदाधिकारियों ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने विचारों को साझा किया। संचालन मंडल महामंत्री दिनेश प्रजापति ने किया बैठक मे जिला प्रतिनिधि राजमणि पासवान,मुनन लाल पाल,मंडल महामंत्री लालचंद शुक्ला, सुरेश चतुर्वेदी, शिवाकांत तिवारी, इंद्रजीत पटेल,बृजेंद्र मिश्रा,भानु प्रकाश ,जितेंद्र दास, दयाराम बिंद श्यामा कांत पांडे, हरि शरण सिंह ,श्रीराम, अरुण तिवारी, धर्मेंद्र पांडे, रोचक मिश्रा, सुनील तिवारी प्रेमचंद भारती, मंगला प्रसाद ,नरेंद्र कुमार, चंद्रमा प्रसाद ,अजय मिश्रा, आजाद सिंह आदि के साथ मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति के सदस्य, सेक्टर संयोजक,बूथ अध्यक्ष भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# बीएड परीक्षा में दूसरे की जगह परीक्षा दे रही युवती समेत दो गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बीएड प्रवेश परीक्षा केदौरान शुक्रवार को शहर में सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। एसटीएफ ने हंडिया पीजी कॉलेज में दूसरे की जगह पर परीक्षा देते सॉल्वर युवती दीक्षा उर्फ नेहा समेत गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया दूसरा आरोपी बालेंद्र सिंह पटेल सॉल्वर गिरोह का सक्रिय सदस्य है जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाने का ठेका लेता था। मुकदमा दर्ज कराकर दोनों को हंडिया पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक, परीक्षा में सॉल्वर बैठने की सूचना पर हंडिया पीजी कॉलेज में छापा मारा गया। यहां कोरांव के पचेदा गांव निवासी ऊषा देवी की जगह पर दीक्षा उर्फ नेहा परीक्षा देती मिली। पूछताछ में पता चला कि वह सॉल्वर गिरोह की सदस्य है। जिसके बाद उसकी निशानदेही पर परीक्षा केंद्र केबाहर मौजूद गिरोह के एक और सदस्य बालेंद्र सिंह पटेल को गिरफ्तार किया गया।इनके कब्जे से ओएमआर शीट, बुकलेट समेत अन्य सामान बरामद हुए। थाने लाकर पूछताछ में पता चला कि पकड़ी गई नेहा मूल रूप से फतेहपुर के सालेपुर, सठिगंवा, थाना चांदपुर की रहने वाली है। वर्तमान में वह लोनी, गाजियाबाद में एक निजी बैंक में रिसेप्शनिस्ट के पद पर कार्यरत है। उधर शंकरगढ़ के भडिवार गांव के रहने वाले बालेंद्र ने बताया कि वह शंकरगढ़ में स्थित शांति देवी इंटर कॉलेज में हिंदी और संस्कृत का शिक्षक है। साथ ही एलआईसी एजेंट का भी काम करता है।

## अभ्यर्थियों से छह से 15 लाख तक वसूली

उधर पूछताछ में बालेंद्र ने एसटीएफ को बताया कि वह गिरोह के एक अन्य सदस्य धर्मेंद्र सिंह पटेल संग मिलकर लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाने का काम कर रहा है। इसकेलिए अभ्यर्थियों से छह से 15 लाख रुपये तक वसूले जाते हैं। डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों के साथ ही मूल अभ्यर्थी केखिलाफ हंडिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## 50 हजार एडवांस, परीक्षा पास होने पर दो-पांच लाख

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक, नेहा ने पूछताछ में बताया कि वह पिछले कई सालों से गिरोह से जुड़ी है। पहले वह प्रयागराज में ही रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती थी। इसी दौरान वह धर्मेंद्र सिंह यादव व बालेंद्र के संपर्क में आई। बाद में पता चला कि दोनों सॉल्वर गिरोह संचालित करते हैं, जिसके बाद वह उनसे जुड़कर सॉल्वर के रूप में काम करने लगी। यह भी बताया कि एडवांस के तौर पर उसे 50 हजार जबकि परीक्षा पास करने पर दो से पांच लाख तक मिलते थे। इससे पहले वह टीईटी, सुपरटेट, सीटेट व बीएड में भी सॉल्वर के रूप में बैठ चुकी है।

# यूपीपीएससी के पूर्व परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**अखंड भारत संदेश**

प्रयागराज त् सीबीआई ने अपर सचिव सचिवालय भर्ती परीक्षा 2010 में अनियमितता के मामले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रभुनाथ सहित कई अज्ञात लोगों केखिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। भर्ती घोटाले से चयनित 222 अपर निजी सचिव उत्तर प्रदेश सचिवालय में कार्यरत, 28 चयनितों की ज्वाइनिंग सीबीआई ने जांच पूरी होने तक स्थगित कर रखी है। सीबीआई जांच में यह तथ्य सामने आए हैं कि आयोग ने हिन्दी शार्टहैंड की परीक्षा में फेल अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ चयनित किया है। फर्जी कम्प्यूटर प्रमाण धारित करने वाले अभ्यर्थियों को चयनित कर लिया गया। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि बीतने के बाद भी अभ्यर्थियों से कम्प्यूटर प्रमाण पत्र स्वीकार किए गए। इसके कारण योग्य अभ्यर्थी चयन से बाहर हुए और अयोग्य अभ्यर्थी चयनित होने में सफल रहे।

इस भर्ती के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सचिवालय में 250 अपर निजी सचिवों की भर्ती का विज्ञापन 2010 में जारी हुआ था। सामान्य अध्ययन और सामान्य हिन्दी की परीक्षाएं 2013, हिन्दी शार्टहैंड और हिन्दी टाइप की परीक्षा 2014 तथा कम्प्यूटर ज्ञान की परीक्षा 2016 में हुई थी और अंतिम परीक्षा परिणाम 2017 में जारी हुआ था।

## मेजा पुलिस के द्वारा दो लोगो को हत्या और मारपीट आरोपी को किया गिरप्तार

**सिरसा/मेज।** प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र के बिसहिजन गांव मे पिछले सप्ताह हुई मारपीट मामले मे मेजा पुलिस के द्वारा दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। ज्ञातव्य हो कि पिछले सप्ताह बिसहिजन गांव मे हुई मारपीट मे घायल हरिशंकर तिवारी की इलाज के दौरान अस्पताल मे मौत हो गई थी। जिससे संबंधित मेजा पुलिस ने चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चौकी प्रभारी मेजारोड पंकज कुमार त्रिपाठी, हे कांस्टेबल अमरनाथ व कांस्टेबल प्रांशु कुमार के द्वारा उक्त मामले के दो और आरोपी कुलदीप तिवारी पुत्र गुलाबचंद्र व अजय तिवारी पुत्र स्व फूलचंद्र तिवारी को उरुवा चौराहे से गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि उक्त आरोपियों के पास से आला कत्ल दो बांस की लाठी बरामद कर अगली कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# काशी क्षेत्र की अनुमति के बाद राजेश शुक्ला बने जिला महामंत्री और संतोष त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने प्रयागराज के यमुनापार जिले के दो जिला पदाधिकारियों के नाम की अनुमति प्रदान की। जिस पर जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने शुक्रवार को जिला उपाध्यक्ष रहे राजेश शुक्ला को नवीन जिम्मेदारी महामंत्री का दायित्व सौपा है। वही पूर्व जिला मंत्री व जिला मीडिया प्रभारी रहे संतोष त्रिपाठी को जिला उपाध्यक्ष के नवीन दायित्व की जिम्मेदारी सौपी है। जिससे यमुनापार जिले के पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओ में हर्ष व्याप्त



है।भाजपा कार्यकर्ताओं में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शोभ नारायण द्विवेदी,राजेश्वरी तिवारी, इं.जगदीश सिंह यादव,सुभाष सिंह पटेल, धर्मराज पाल,हरिदेव धूरिया,शिवराम सिंह परिहार,जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी,सभासद सुधा गुप्ता,सोमनाथ वर्मा,सार्थक गुप्ता,सतीश विश्वकर्मा, अजय प्रताप सिंह,प्रदीप कुमार मिश्र,गिरीश कुमार चतुर्वेदी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि ने शुभकामनाऐं देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

# कर्जन पुल पर बनेगी आर्ट गैलरी, म्यूजियम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गंगा नदी पर बना कर्जन पुल पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल होगा। उस पर आर्ट गैलरी-म्यूजियम का निर्माण कराया जाएगा। पुल की क्षमता के आकलन और तकनीकी पहलुओं को लेकर मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) से रिपोर्ट मांगी गई है। संस्थान की रिपोर्ट का इंतजार है। इसके आधार पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।करीब 117 वर्ष पुराने कर्जन पुल के सुंदरीकरण की कवायद कुभ-2019 से पहले ही शुरू की गई थी लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पाई। फिर इसके ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। हालांकि , अब आर्ट गैलरी तथा संग्रहालय के रूप में तब्दील करने की योजना बनाई



गई है। इसके लिए पर्यटन विभाग की रेलवे प्रशासन से वार्ता हो चुकी है। यह पुल कितना भार सहन कर सकता है इसके आकलन की जिम्मेदारी एमएनएनआईटी को दी गई है। इसके साथ ही तकनीकी सहयोग भी मांगा गया है। मंडलायुक्त संजय गोयल का कहना है कि इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। एमएनएनआईटी की रिपोर्ट का इंतजार है। सकारात्मक रिपोर्ट रही तो औपचारिकताएं पूरी कर जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## शीशे से कवर्ड होगा पुल

पुल के हिस्से में आने वाला रेलवे ट्रैक और ऊपर से गुजरने वाली सडक़ को शीशे से कवर किया जाएगा। पूरी तरह से वातानुकूलित इस गैलरी में कई अन्य आकर्षण भी होंगे। गैलरी में ऐतिहासिक दस्तावेजों, कलाकृतियां रखी जाएंगी।

### पर्यटन विभाग कराएगा निर्माण

आर्ट गैलरी और म्युजियम का निर्माण पर्यटन विभाग की ओर से कराया जाएगा। इसके अलावा स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत भी बजट का इंतजाम किया जाएगा।

### कर्जन पुल पर 1905 में शुरू हुआ था आवागमन

गंगा नदी पर कर्जन पुल का 1904 में निर्माण हुआ था। रेलवे ब्रिज के ऊपर से सडक़ भी गुजर रही है। इन पर 1905 में आवागमन शुरू हुआ था। 1998 में इस पर ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया। अब दो पहिया वाहनों का आवागमन भी रोक दिया गया है।

# मानसिक रूप से पीड़ित शख्स ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसरिया गांव के सामने दिल्ली हावड़ा रेल रूट मार्ग पर बृहस्पतिवार को मानसिक रूप से पीडि़त शख्स ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी होने पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।प्राप्त जानकारी के मुताबिक हिंदूपुर मजरा के फतेहपुर गांव निवासी शिवलोचन उर्फ गुनगुन पुत्र हरीनाथ 45 वर्ष बृहस्पतिवार को बसरिया गांव की तरफ आया था , उसी दरमियान उत्साह खेलें ट्रेन के आगे छलांग लगा दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना होने पर करछना थाना यस आई अजीत कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे। जहां



उपस्थित लोगों से मृतक शख्स का पहचान किए जाने की दशा में पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम भेज दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों के मुताबिक शिव लोचन काफी दिनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा मोबाइल चोर पांच मोबाईल बरामद

**सिरसा/मेज।** प्रयागराज मेजा पुलिस ने मोबाइल की दुकान मे हुई चोरी के मामले मे एक मोबाइल चोर को सोरांव रेलवे पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मेजा थाना के चौकी प्रभारी मेजारोड पंकज कुमार त्रिपाठी, दरोगा सूर्यप्रकाश सिंह व कांस्टेबल प्रांशु कुमार ने मोबाइल चोर को मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी ने बताया कि मेजारोड बाजार मे 29 जुलाई की रात मोबाइल की दुकान में हुई चोरी के संबंध मे उक्त चोर अर्जुन पुत्र बाबूलाल निवासी पांती मेजारोड को सोरांव रेलवे पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चोर के कब्जे से चोरी की पांच मोबाइल बरामद कर अगली कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया

# पाकिस्तान से अब वार्ता नही युद्ध : पवन श्रीवास्तव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पाकिस्तान पंजाब प्रांत सदीकाबाद के भोग शरीफ गांव में बुधवार को हिंदुओं के आस्था श्रद्धा और विश्वास के भगवान सिद्धिविनायक जी के मंदिर में तोड़फोड़ कर हिंदुओं की आस्था को आघात पहुंचाने का कायराना कार्य करने के विरुद्ध कटघर चौराहे पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का पुतला फूंक कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना आक्रोश प्रकट करते हुए विरोध दर्ज कराया त् पुतला दहन करने से पूर्व कार्यकर्ता पाकिस्तान मुर्दाबाद इमरान खान मुर्दाबाद इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद के गगनभेदी उद्घोष लगा रहे थे।

**कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा पार्षद पवन श्रीवास्तव एवं पूर्व पार्षद नीरज गुप्ता ने किया**

पुतला दहन के अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पार्षद पवन श्रीवास्तव ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेक दिया है और उन कट्टरपंथियों ने यह कायराना हरकत की है उन्होंने केंद्र सरकार से कहा कि अल्पसंख्यकों की आस्था पर कुठाराघात कर तोड़े हुए मंदिर को पुनः बनवाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाया जाए और अगर पाकिस्तान नहीं मानता तो उससे वार्ता नहीं सीधे युद्ध करना चाहिए। पूर्व पार्षद नीरज गुप्ता ने कहा कि यह इस्लामिक आतंकवाद की पराकाष्ठा है और पूरा विश्व इस्लामिक आतंकवाद से परेशान है वैश्विक सहमति के आधार पर इस्लामिक आतंकवाद को कुचलना ही इसका समाधान है। उक्त अवसर पर योगी सत्यम जी महाराज विहिप नेता विनोद सोनकर अशोक यादव पवन केसरवानी शैलेश केशरवानी भोला शर्मा अभिषेक निषाद सचिन केसरवानी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महापौर ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अभिलाषा गुप्ता नंदी महापौर प्रयागराज द्वारा विभिनन्न जलाशयों से छोड़े गजल व अन्य प्रदेशों में हो रही वर्षा के कारण प्रयागराज म गंगा एवं यमुना का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिस कारण कछार वाले इलाकों में तथा अन्य पास के क्षेत्रों में बाढ़ का पानी भर गया है के दृष्टिगत दारागंज छोटा बघाड़ा स्थित भृगु मार्ग एवं एनी बेसेंट स्कूल स्थित बाढ़ राहत शिविर एवं बक्शी बांध स्थित पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय श्री राजेश निषाद नामित पार्षद, श्री रवि रंजन नगर आयुक्त, संजय ममगई



जोनल अधिकारी, रविंद्र कुमार जोनल अधिकारी, अनिल कुमार मौर्य नगर अभियंता, सुरेंद्र नाथ पांडे अवर अभियंता, राम सक्सेना अवर अभियंता, अरविंद सफाई एवं खादय निरीक्षक उपस्थित रहे । बक्शी बांध पंपिंग स्टेशन में 17 पंप स्थापित है जिसमें 9 पंप डीजल के तथा 8 पंप इलेक्ट्रिक के स्थापित है तथा सभी चालू हालत में हैं ।

बक्शी बांध स्थित नाग वासुकी मंदिर के पीछे नए मार्ग पर बांध का पानी स्थित घरों में अंदर प्रवेश कर चुका है तथा आसपास के घरों में पानी के बढ़ने पर भर जाएगा दशासुमेघ घाट के पास भी सभी स्थित घरों में बाढ़ का पानी भरा पाया गया । स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई है प्रकाश की व्यवस्था ना होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । छोटा बघाड़ा स्थित एनी बेसेंट स्कूल बनाए गए राहत शिविर का निरीक्षण किया गया, सभी कमरों में लाइट व पंखे की व्यवस्था पाई गई । उपस्थित लेखपाल व अधिकारी द्वारा बताया गया कि भृगु मार्ग पर पानी आ गया है वहां के लोग धीरे-धीरे आ रहे हैं । एक परिवार अपना सामान लेकर राहत शिविर में उपस्थित थे उपस्थित प्रशासन के अधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी परिवारों को कोविड-19 अंतर्गत रखा जाएगा तथा उन्हें खाने व दवाइयों की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी ।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

# मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

प्रयागराज। मण्डलायुक्त संजय गोयल एवं जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री शुक्रवार को बघाड़ा एवं दारागंज तथा अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। मण्डलायुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, एस0टी0पी0 तथा पम्प हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने बक्शी बांध पर स्थित पम्पों के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। सम्बंधित विभाग के अधिकारी के द्वारा बताया गया कि सभी 17 पम्प क्रियाशील स्थिति में है। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की सुनिश्चितता तथा डीजल की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये है। बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर अवस्थापित किये जाने तथा वहां पर पीने के पानी, खाने, विद्युत एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता बाढ़ प्रखण्ड को निर्देशित करते हुए कहा है कि पानी के बढ़ते हुए जलस्तर की स्थिति के बारे में निरंतर लोगो को जानकारी दिये जाने की



व्यवस्था सुनिश्चित करते रहे, जिससे कि लोगो को बढ़ते जलस्तर के बारे में जानकारी समय से पहले हो जाये और ऐसे लोग पहले ही सुरक्षित स्थान पर सुव्यवस्थित ढंग से अवस्थापित हो जाये। इसके पूर्व अपरान्ह में जिलाधिकारी ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा पम्पिंग स्टेशन का भ्रमण कर स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने स्लूज गेट की निरंतर निगरानी रखने एवं बाढ़ राहत केन्द्रों पर प्रकाश, पानी, खाने तथा साफ-सफाई की निरंतर व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ पम्पिंग सेटों के संचालन हेतु विद्युत एवं डीजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री एम0पी0 सिंह, अधीक्षक अभियंता बाढ़ कार्यखण्ड श्री सिद्धार्थ कुमार सिंह, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ''

**प्रयागरासज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पंकज कुमार मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि मिशन शक्ति 3,0 के अर्न्तगत इस वर्ष माह अगस्त से दिसम्बर 2021 तक माह अगस्त 2021 प्रथम सप्ताह जिलाधिकारी महोदय द्वारा नामित अधिकारी दिनांक 07 अगस्त 2021 को अपरान्ह 3:00 बजे से 05:00 बजे तक यौन हिंसा, लैगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन तथा दहेज हिंसा आदि के संबंध में संरक्षण सुरक्षा तंत्र सुझावों सहायता हेतु पारस्परिक संवाद का आयोजन किया गया है। उपरोक्त मुद्दों से संबंधित जनपद मुख्यालय पर दूरभाष न0 0532-2240040 एवं मो0 9140785196 पर पारस्परिक संवाद किया जायेगा। जनपद में इन मुद्दों से संबंधित जो भी समस्याएं/जानकारी किसी भी व्यक्ति/महिला को प्राप्त करनी है तो उक्त दूरभाष पर निर्धारित समय पर समस्या का निराकरण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# नगर पालिका ने लगाई विकास कार्यों की झड़ीः हरिप्रताप

## नगर पालिका ने जनता को सौंपी 51 विकास कार्यों की सौगात



**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद द्वारा बेल्हा द्वारा नगर की जनता को 51 विकास कार्यों की सौगात दी गई। नगर पालिका कार्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच विकास कार्यों के शिलापट्टों का अनावरण किया गया।

इस मौके पर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष/पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि विगत दो वर्षों से कोविड-19 का प्रकोप होने के बाद भी नगर पालिका परिषद ने विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के लगन एवं परिश्रम की प्रशंसा करते हुए हरिप्रताप सिंह ने कहा कि यह इसी का सुखद परिणाम है कि विपरीत परिस्थितियों के बाद भी नगर में विकास का रथ अनवरत रुप से चलता रहा। नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि नगर पालिका में जो भी विकास के कार्य कराये जा रहे हैं, उसमें सभासदों, नगर पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों का सामूहिक प्रयास और सहयोग मिलता आ रहा है जिससे नगर के विकास में उनन्त दिखाई पड़ रही है।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने कहा कि यह नगर पालिका का सौभाग्य है कि हमें नगर के विकास के प्रति चिन्तनशील नेतृत्व प्राप्त हुआ है और समय-समय पर अभिभावक के रुप में पूर्व पालिकाध्यक्ष का मार्गदर्शन भी हम सबको प्राप्त होता रहता है।

कार्यक्रम का संचालन सभासद ज्ञानेश मिश्रा ने किया।

## नगर पालिका मेरे परिवार का हिस्साः प्रेमलता

प्रतापगढ़। नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह द्वारा पीडी टंडन चौराहे से गायघाट पर मेडिकल कालेज के शैक्षिक एवं आवासीय परिसर तक मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिये आप्टागोनल स्ट्रीट लाइट पोल के अधिष्ठापन कार्य का लोकार्पण किया गया। रात्रिकालीन आवागमन के उद्देश्य से 100 पोल का अधिष्ठापन कराकर उस पर 150 वाट की एलईडी बल्ब लगवाया गया है। इससे तीन किमी क्षेत्र का एरिया जगमगा गया है। इस दौरान पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं देना नगर पालिका के लिये चुनौती है। नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने कहा कि नगर पालिका मेरे परिवार का हिस्सा है और मुखिया होने के नाते परिवार के सदस्यों का ध्यान दिया जाना मेरा कर्तव्य है। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, ज्वाला सिंह, विनोद सोलंकी, मदन सिंह, ज्ञानेश मिश्र, धर्मशील शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, उदय शंकर मिश्र, श्रीनाथ यादव, धर्मशील शुक्ल, दीपक कुमार, प्रदीप जायसवाल, कुमकुम केसरवानी, प्रेमा देवी, आरती सरोज, आशीष जायसवाल, गायत्री शुक्ला, शहनाज बानो, विनय सिंह भोला, सुशीला मिश्रा मौजूद रहीं।

## नकाबपोश बदमाशों ने युवक को मारी गोली, रेफर

### पुलिस कर रही मामले की छानबीन

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** मानधाता थाना क्षेत्र के मिश्रपुर निवासी पूर्व प्रधान गुलहशन उर्फ मुनन के पुत्र नूर मोहम्मद (21) को बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मान्धाता ले गये। हालत गंभीर होने के कारण प्रयागराज रिफर कर दिया गया। घटना दिन में तीन बजे की है।

नूर मोहम्मद अपने घर के पास अनिल सिंह के भट्ठे पर खड़ा था कि एक बाइक से तीन नकाब पोश युवक आए और गोलियां बरसाने लगे। नूर मोहम्मद भाग कर अपनी जान बचाने के लिए भट्ठे में घुसना चाहा, तब तक एक गोली उसके पेट लगी और वह घायल हो कर वहीं गिर पड़ा। हमलावर बदमाश कटरा गुलाब सिंह की ओर भाग गए। हमलावरों को कोई पहचान नहीं सका। घटना की सूचना किसी ने थाना मानधाता को दी।

पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल को उपचार हेतु मानधाता अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने घायल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया परन्तु परिजन जिला अस्पताल के बजाए प्रयागराज ले गए। पता चला है कि घायल नूर मोहम्मद अभी दो तीन दिन पहले ही कहीं बाहर से घर आया था। पुलिस दुश्मनी का कारण पता कर रही है। एसओ मानधाता श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## पाक पीएम के विरूद्ध परिवाद दाखिल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पाकिस्तान मे कट्टरपंथियों द्वारा भगवान गणेश जी के मंदिर में हिंसा तथा तोडफोड व आगजनी को लेकर शुक्रवार को स्थानीय सिविल न्यायालय मे पाक पीएम के खिलाफ परिवाद दाखिल किया गया है। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की ओर से दाखिल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खॉन के खिलाफ दाखिल परिवाद की दोपहर कोर्ट मे सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल के अधिवक्ता रमेश पाण्डेय तथा अनिल त्रिपाठी महेश ने कोर्ट से कहा कि पाकिस्तान मे भगवान् गणेश जी के मंदिर मे आगजनी तथा कट्टरपंथियों द्वारा पूजन सामग्री आदि नष्ट किये जाने से भारत देश के हिन्दू आस्था रखने वाले करोड़ो भगवान गणेश जी के भक्तों मे आक्रोश उत्पनन्‍ हुआ है।

## शराब की दुकानों का हुआ सघन निरीक्षण

पट्टी, प्रतापगढ़। तहसील पट्टी स्थित आबकारी दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण शुक्रवार को उपजिलाधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह (डीपी), पुलिस क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह, आबकारी निरीक्षक आनंद शुक्ला, पट्टी की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में देशी शराब दुकानध्विदेशी मदिरा दुकान व बियर दुकान , सदहा, ढकवा मोड़ पट्टी व अमरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। दुकानों पर उपलब्ध मदिरा की सूक्ष्म रूप से वैधता की जांच की गई। किसी भी दुकान पर अवैध मदिरा की बरामदगी नही हुई। दुकान पर अनुरक्षित स्टॉकध्बिक्री रजिस्टर व लाइसेंस की भी जांच की गई।

## रक्तदान शिविर आज

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन व्यापार मंडल के भीष्म पितामह स्वर्गीय अशोक आहूजा की पुण्यतिथि को समर्पित सात अगस्त शनिवार को प्रातः 10 बजे व्यापार मंडल कार्यालय पर लगाया जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी शत्रोहन वैश्य होंगे व अतिथि क्षेत्राधिकारी नगर अभय पाण्डेय होंगे। यह जानकारी व्यापार मण्डल के जिला उपाध्यक्ष मंजीत सिंह गोबिन्द ने दी।

## दुर्घटना में अधेड़ की मौत, अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से बाइक द्वारा पेट्रोल लेने निकले अधेड़ की अज्ञात ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली के तुलापुर के बद्रीप्रसाद सिंह का पुत्र दुष्यंत सिंह (42) गुरूवार की रात घर से लीलापुर स्थित पेट्रोल पम्प मे पेट्रोल लेने निकले थे। शाम करीब सात बजे चौकी के समीप नेशनल हाइवे पर अज्ञात डम्पर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे मौके पर ही दुष्यंत की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजन दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और दहाड़ मारकर रोने लगे। दुष्यंत ठेकेदारी के जरिए परिवार का भरणपोषण किया करते थे। दुष्यंत की मौत पर पतनी मधु सिंह तथा बेटी रूचि सिंह 17 व बेटा अतुल सिंह 21 का भी रो-रो कर बुरा हाल है।

## जिले में सकुशल सम्पन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

### परीक्षार्थियों की भीड़ से घंटों लगा रहा जाम



**प्रतापगढ़/पट्टी।** जिले के इंटर कालेज में बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पनन्‍ हुई। इस दौरान परीक्षा देने वाले परीक्षाथिर्यों की उमड़ी भीड़ की वजह से कालेजों के आसपास घंटों जाम लगा रहा। भीषण जाम की वजह से लोगों को आवागमन में भी परेशानी हुई।

नगर के अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज, एमडीपीजी कालेज, तिलक इंटर कालेज, केपी कालेज में शुक्रवार को बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान परीक्षा देने के लिये परीक्षाथिर्यों की भारी भीड़ उमड़ रही। परीक्षाथिर्यों की भीड़ की वजह से प्रतापगढ़-प्रयागराज स्थित भंगवा चुंगी के पास जाम की समस्या उत्पनन्‍ हो गई। वाहन रेंगकर चल रहे थे तथा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पट्टी संवाददाता के मुताबिक नगर स्थित सनतकोत्तर महाविद्यालय एवं राम राज इंटर कॉलेज में आज शुक्रवार को बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षाथिर्यों की भारी भीड़ पहुंच गई जिसके चलते सुबह 7 बजे से 9 बजे तक कस्बे में भीषण जाम की स्थिति बनी रही। बीएड प्रवेश परीक्षा 30 जुलाई को निर्धारित की गई थी लेकिन कोरोना महामारी संक्रमण के चलते परीक्षा की तिथि टाल दी गई थी और परीक्षा तिथि 6 अगस्त निर्धारित की गई थी। आज शुक्रवार को पट्टी नगर स्थित सनतकोत्तर महाविद्यालय व रामराज इंटर कॉलेज पट्टी में प्रथम पाली में 9 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली में 2 बजे से शाम 5 बजे तक बीएड प्रवेश परीक्षा निर्धारित थी।

## जोखिम में जानः ट्रेन के चक्कर में ट्रैक पर कूद पड़े यात्री

### गलत सूचना से प्लेटफार्म पर मची अफरातफरी, जनता एक्सप्रेस को नौतनवा समझ बैठे मुसाफिर



**प्रतापगढ़।** स्थानीय स्टेशन पर शुक्रवार को कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए खुद की जान जोखिम में डालनी पड़ी। वे रेलवे लाइन में कूद गये। ट्रेन के सामने आये यात्रियों को चालक ने लौटने के लिये कह दिया। इससे स्टेशन पर अफरातफरी मच गई थी।

हुआ यूं कि बनारस से देहरादून जा रही जनता एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर खड़ी थी। ट्रेन आ चुकी थी। उद्घोषक यंत्र से आ रही है की सूचना प्रसारित की जा रही थी। जिससे यात्रियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। प्रत्यक्षदशिर्यों के अनुसार नौतनवा एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार प्लेटफार्म दो पर कर रहे यात्रियों जिसमें महिलाएं और बच्चे भी थे, जनता एक्सप्रेस को नौतनवा समझकर रेलवे लाइन क्रॉस करते हुये प्लेटफार्म एक पर भागना शुरू कर दिये। बोझा होने का कारण कई बार लड़खड़ाये। हालांकि संभल गये। यात्रियों को इस तरह से लाइन पर भागते हुये देख जनता ट्रेन के ड्राइवर ने उन्हें रोका। पूछने पर यात्रियों को बताया कि यह नौतनवा नहीं है। वह दो नम्बर पर आने वाली है। यह सुनते ही यात्रियों को पसीना छूट गया। उन्हें गठरी लेकर फिर से उल्टे पैर लाइन पार करते हुये प्लेटफार्म दो पर भागना पड़ा। हालांकि यात्रियों को ऐसा नहीं करना था। प्लेटफार्म पर आने के लिए उन्हें पुल का सहारा लेना था। जो उन्होंने नहीं किया था। इससे उनकी जान को खतरा हो सकता था। यात्रियों का आरोप था कि जनता ट्रेन की सूचना समय पर प्रसारित हो जाती तो वे ऐसी गलती न करते। समय भी कम था। ट्रेन छूटने के डर से उन्हें लाइन पार करने का जोखिम उठाना पड़ा। एसएस एस के यादव का कहना है कि वे इस बारे में पता करते हैं। ट्रेन की समय पर सूचना होनी चाहिये।

## अधिवक्ता के ऊपर प्राणघातक हमला, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता के ऊपर प्राणघातक हमले को लेकर कोतवाली पुलिस ने गुरूवार की देर रात पांच आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा हत्या के प्रयास व मारपीट एवं जानलेवा धमकी समेत कई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। कोतवाली के बेलहा गांव निवासी संदीप सिंह तहसील मे अधिवक्ता है। वह संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री रहे है। संदीप के भाई पवन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गुरूवार की रात करीब नौ बजे उसका भाई संदीप अपने चाचा विजय प्रताप सिंह के घर से अपने घर आ रहा था। बेलहा चौराहे पर पहुंचते ही पहले से ही घात लगाए गांव के कुछ लोगों ने लाठी डंडे व तमंचे से जानलेवा हमला कर दिया। अधिवक्ता पर जानलेवा हमले की जानकारी होने पर देर रात तक कोतवाली मे बड़ी संख्या मे साथी अधिवक्ताओं को आक्रोश मे देखा गया। शुक्रवार को भी तहसील तथा दीवानी के अधिवक्ताओं मे साथी अधिवक्ता पर जानलेवा हमले को लेकर गुस्से का माहौल दिखा।

## बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त हो चुकी है जनताः छविनाथ यादव

### समाजवादी पार्टी के बूथ प्रभारी की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**पट्टी, प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी की सेक्टर प्रभारी व बूथ प्रभारियों की समीक्षा बैठक पट्टी विधानसभा के सदहा बाजार व उड़ैयाडीह बाजार में सम्पनन्‍ हुई। समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव रहे। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रामबचन यादव जी व संचालन असगर अंसारी ने किया।

सेक्टर प्रभारी व बूथ प्रभारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई से जनता त्रस्त हो चुकी है। 2022 में विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से ही समाजवादी साथियों को एकजुट होकर काम करना होगा। सितम्बर माह में चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया जाने वाला है। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष भइयाराम पटेल ने कहा कि सभी बूथ प्रभारी अपने अपने बूथों पर नाम बढ़ाने का कार्य करें जिससे 2022 में अखिलेश यादव की सरकार पूर्ण बहुमत से बनाकर पुनः मुख्यमंत्री बनाया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता पट्टी विधानसभा अध्यक्ष रामबचन यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भइया राम पटेल, लाल बहादुर सरोज, इरशाद सिद्दीकी, पूर्व जिलापंचायत सदस्य सुषमा पाल, शान्ति सिंह, शबनम बानो, उमेश वर्मा, इरफान खान, मनीष पाल मीडिया प्रभारी सहित सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी व अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## रास्ते के विवाद में महिला को पीटा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर आरोपियो ने महिला की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। पीडिता ने सांगीपुर पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ की फरियाद की है। सांगीपुर थाना के थरिया निवासी छेदीलाल की पतनी लखपती ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चार अगस्त को दिन मे दो बजे उसके पडोसियो ने घर के सामने इण्टरलाकिंग की ईट उखाडने लगे। मना करने पर आरोपियो ने पीडिता को गाली देते हुए उसे घसीट कर मारापीटा। बचाव के लिए पीडिता जब घर मे घुस गई तो आरोपियो ने घर के अंदर भी मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान आदि तोड दिये। सांगीपुर कोतवाल तुषारदत्त त्यागी का कहना है कि तहरीर की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के तिवारी महमदपुर गांव निवासी विवेक पांडे की पतनी प्रतिमा (25) वर्ष आज सुबह चार बजे अपना कमरा बंद करके छत के पंखे में साड़ी का फंदा गले में कसकर फांसी लगा ली। जब परिजन सुबह उठे तो कमरे के दरवाजे को धक्का देकर खोला तो जैसे ही प्रतिमा को नीचे उतारा, वैसे ही प्रतिमा की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने आनन-फानन में शव को अंतिम संस्कार के लिए श्रृंगवेरपुर घाट के लिए ले गये। उधर मृतका की मां किरन मिश्रा ने बाघराय पुलिस को फोन किया कि मेरी बेटी को मार कर शव को अंतिम संस्कार के लिए श्रृंगवेरपुर घाट ले जा रहे हैं। एसआई विनोद कुमार व एसआई दुर्गेश कुमार श्रृंगवेरपुर पहुंच गये। शव को तिवारी महमदपुर लाकर आवश्यक जांच करने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। बता दें कि पुलिस को मौके पर से सोसाइट नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गांव में सेनेटाइजेशन न होने से परेशानी

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** सदर तहसील के भोजपुर गांव बिहारगंज बाजार व आस पास पूरी तरीके से पिछले दो महीनों से सेनिटाइजेशन का काम ठप हो गया था। न ही किसी दवा की कोई फॉगिंग कराई जा रही थी और न ही सेनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा था। इस पर गांव के लोगों ने डीपीआरओ रवि शंकर द्विवेदी को अवगत कराया जिस पर डीपीआओ ने गांव में जल्द ही सेनेटाइजेशन व फागिंग कराये जाने का आश्वासन दिया।

## अशोक आहूजा की पुण्यतिथि कल

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने बताया कि व्यापार मण्डल के संस्थापक कर्णधार स्व0 अशोक आहूजा की पुण्यतिथि आठ अगस्त को मनाई जाएगी।

## 25 अगस्त तक पूर्ण करें बूथ समितियों के सत्यापन का कार्यः हरिओम मिश्र

### भाजपा की मण्डल प्रभारियों की बैठक सम्पन्न



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी का बाबागंज मण्डल, कुंडा मण्डल, किठावर मंडल, बाबा बेलखरनाथ मंडल, नारायणपुर मंडल, और रामकोला मंडल की पूर्व निर्धारित समय से कार्यसमिति प्रारंभ हुई जिसमे बाबागंज में अशोक मिश्र पूर्व जिला महामंत्री, कुंडा में राजेश मिश्रा राजन जिला उपाध्यक्ष, किठावर मंडल में राघवेंद्र शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी, बाबा बेलखरनाथ में राजेश सिंह महामंत्री नारायणपुर में अनुराग मिश्र जिला मंत्री रामकोला मंडल में हरिओम मिश्र जिला अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम गीत के साथ शुभारंभ हुआ। मंडल प्रभारियों के द्वारा उपस्थिति वृत्त लेने के उपरांत राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया जिसको मंडल महामंत्री ने प्रतिपादित किया मंडल कार्यसमिति संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले 2022 के चुनाव में हमारे संगठन सभी कार्यकर्ता अभी से ही बूथों पर लग जाए। बूथ समिति सत्यापन का कार्य 25 अगस्त तक पूर्ण कर लें और हमारी सरकार के द्वारा लाभार्थी परियोजनाओं से जुड़े हुए लाभाथिर्यों से संपर्क कर एक अभियान के रूप में उनको यह बताने का कार्य करें कि हमारी सरकार न्यूनतम लाभ कैसे पहुंचाया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**प्रतापगढ़।** जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सात अगस्त दिन शनिवार को लालगंज तहसील में , अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में व मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित होगा एवं अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

## स्वच्छता के लिए लोगों को किया गया जागरूक, दिलाई गई शपथ

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ के तत्वावधान में पट्टी तहसील क्षेत्र के शहीद स्मारक रूर में आसपुर देवसरा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्मारक परिसर में साफ सफाई करने के बाद वृक्षारोपण किया गया और मौजूद लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और उनके कर्तव्यों के निर्वहन के लिए शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला समन्वयक राम गोपाल चौहान ने कहा कि स्वच्छता के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। समाजसेवी राम प्रकाश पांडे ने कहा की स्वच्छता के लिए युवाओं को आगे आना होगा तभी समाज में सुधार हो सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान अरविंद पटेल, चंद्र प्रकाश तिवारी, अंगद पांडे, मयंक श्रीवास्तव, अमित सिंह, विवेक सिंह, दिनेश सिंह, विनय पटेल, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# अन्न महोत्सव पर राशन न बांटने से कोटेदार के ऊपर दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** जनपद के चौरी में गुरुवार को अनन्‍महोत्सव के दिन क्षेत्र के माधोरामपुर गांव में सरकारी राशन की दुकान से कोटेदार द्वारा लोगो को राशन न देना भारी पड़ गया। उपजिलाधिकारी भदोही आशीष मिश्रा के निर्देश पर दुकान को निलंबित करने के साथ पूर्ति निरीक्षक संगीता यादव द्वारा खाद्य अधिनियम के तहत कोटेदार के खिलाफ चौरी थाने मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। गुरुवार को गाव में ग्रामीणों को खाद्यानन्‍ वितरित नही होने के चलते ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ जमकर हंगामा किया था।

सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष रामदरश ने लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुची पूर्ति निरीक्षक ने मामले को संज्ञान मे लिया। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गयी। एसडीएम भदोही आशीष कुमार मिश्र के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक संगीता यादव ने जाच की। जाच में पाया कि कोटेदार विजय नारायण उपाध्याय दोषी हैं। शुक्रवार को एस डी एम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक संगीता यादव द्वारा राशन की दुकान निलंबित करते हुए कोटेदार के खिलाफ धारा 3/7 खाद्य आवश्यक बस्तु अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया।

# सर्पदंश से विवाहिता की मौत, घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** सुरियावां थाना अंतर्गत ग्राम जीयनपुर में एक विवाहिता की शुक्रवार को सर्पदंश डसने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी पन्धारी प्रजापति की पुत्री 30 वर्षीय सिंधु देवी अपने मायके आई हुई थी। गुरुवार की रात्रि 10 बजे मोबाइल चार्जर निकालने के लिए गई थी उसी दौरान सर्पदंश से मूर्छित हो गई। आवाज देने पर परिजनों पहुंचे तत्काल उसे निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसकी ससुराल चकपडों ना थाना गोपीगंज मैं कमलेश प्रजापति के साथ हुई है। सुरियांवा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक विवाहिता के दो बच्चे हैं एक अभी 25 दिन पहले बच्ची पैदा हुई थी। मृत्यु होने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# जलजमाव के चलते दुकानों में घुसा पानी

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** जनपद के सुरियावां नगर के नेता नगर में नाली की निकासी समुचित ढंग से ना होने के चलते बरसात का पानी जमा होकर दुकानों में घुस रहा है जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। सुरियावां भदोंही मार्ग के नेता नगर तिराहे के पास हर वर्ष बरसात का पानी एकत्रित हो जाता है। नगर पंचायत द्वारा संकरी नाली का निर्माण कराया गया है जो कूड़ा करकट से भर गया है। सफाई ना होने से बरसात का पानी दुकानों के बाहर झील बन जाता है जिससे



व्यापारियों को दुकानदारी करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। जलजमाव के चलते कोई भी ग्राहक नहीं जाते हैं। यहां तक की काशी गोमती ग्रामीण बैंक भी है लोगों को लेनदेन करने में खासकर महिलाओं को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव लोलार्क उपाध्याय ने नगर पंचायत प्रशासन से पानी निकासी की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।



# जल जीवन मिशन की टीम बसही गांव का किया निरीक्षण-

## कार्य को समय से पूरा करने का ठेकेदार को दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत बसही गांव में घर-घर पानी पहुंचाने की योजना के अंतर्गत शुक्रवार को जल जीवन मिशन की टीम में अधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल गांव की बस्तियों में जाकर निरीक्षण किया ।जिन घरों तक पाइपलाइन नहीं पहुची है उन घरों तक पाइपलाइन बिछाए जाने का निर्देश ठेकेदार को दिया ।बता दे कि उक्त गांव में ग्रामीणो को पेय जल उपलब्ध कराने के लिए नलकूप एवं पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है, और घरों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन कुछ बस्तियों में नहीं पहुच पाया था इसी क्रम में लखनऊ की एक टीम में आनंद कुमार, डाक्टर विजय कुमार जयसवाल,सुरेन्द्र प्रताप, श्री कृष्ण यादव, देवेन्द्र कुमार, वी के सिटोरिया, ने गांव के प्रधान हिमान्शु सिंह ने निरीक्षण के दौरान कमियों को बताया और ठेकेदार को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया ।

# बाहुबली विधायक विजय मिश्र को मिली जमानत, दूसरे मेंअर्जी खारिज

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को धमकी देने के मुकदमे में भदोही जिले के ज्ञानपुर विधायक विजय मिश्र को जमानत दे दी। हालांकि कौलापुर के पूर्व प्रधान लेटर हेड के गलत इस्तेमाल मामले में उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी।

ज्ञानपुर से चौथी बार विधायक बने विजय मिश्र, उनकी पतने एमएलसी रामलली मिश्र और बेटे विष्णु मिश्र के खिलाफ एक साल पूर्व उनके रिश्तेदार कृष्ण मोहन तिवारी ने घर और जमीन पर कब्जा करने का मुकदमा दर्ज कराया था। 14 अगस्त 2020 को वह मध्य प्रदेश आगर जिले से गिरफ्तार किए गए। तब से उन पर सात मुकदमे चल रहे हैं।इसी क्रम में शुक्रवार को उनके अधिवक्ता ने सीजेएम साबिया खातून की अदालत में



पूर्व प्रधान लेटरपैड के दुरुपयोग के मामले में और रिश्तेदार के पुत्र सूर्य कमल तिवारी को धमकाने के मुकदमे में जमानत के लिए अर्जी दी। जिसमें दलील दी गई कि वे चार बार से विधायक हैं। साजिश के तहत उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए।

विधायक के अधिवक्ता आनन्द शुक्ला ने बताया कि कोर्ट ने धमकी के मुकदमे में विजय मिश्र को जमानत दे दी है जबकि पूर्व प्रधान के लेटर पैड के दुरुपयोग के मुकदमे में अर्जी खारिज कर दी है। एक सप्ताह पूर्व विधायक दुष्कर्म और सरकारी जमीन के मामले में कोर्ट में पेश भी हुए थे।

# लूट के मामले में सात के खिलाफ दर्ज होगा केस

अखंड भारत संदेश

**भदोही/ज्ञानपुर।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने शुक्रवार को औराई थाना क्षेत्र के हैबतपुर गांव में हुए लूट के मामले की सुनवाई कर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश सुनाया। मुकदमे के वादी हरि नरायनपुर निवासी दिनेश कुमार दुबे ने अधिवक्ता सत्येंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से 156(3) में वाद दाखिल कर आरोप लगाया है। वादी दिनेश ने बताया कि 14 जनवरी 2020 को समय लगभग ढाई बजे दिन शौचालय निर्माण का सत्यापन करने टीम हैबतपुर मंदिर के पास आई थी। उसी समय दबंगों लोगों ने एकराय होकर जांच को प्रभावित करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर पिस्टल लहराते हुए देख लेने की धमकी दी। इसके बाद नामजद तहरीर पुलिस को दी गई और कार्रवाई नहीं हो सकी। शुक्रवार को दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साधना गिरी ने अपराध को पाते हुए सात लोगों के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक औराई को केस दर्ज कर विवेचना रिपोर्ट सौंपने का आदेश सुनाया।

## बीते दिनों हुई बरसात से जर्जर कच्चा मकान गिरा

**नारीबारी।** नारीबारी क्षेत्र के बसहरा गांव में कच्चा मकान गिरने से गरीब परिवार हुआ बेघर प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश कुमार पुत्र ईश्वरदीन जो की? किसी प्रकार मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था पिछले दिनों हुई बरसात में उसका कच्चा मकान पूर्णरुपेण जर्जर हो गया था जो बीते दिनों ढह गया किसी प्रकार से परिवार ने भाग कर अपनी जान बचायी लेकिन गृहस्थी का सामान मलवें में दब गया जिससे परिवार बेघर हो गया है और खाने पीने की समस्याओं से भी जुझ रहा है भुक्तभोगी ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# श्रमिक कल्याण कार्यक्रम हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज भदोही ।** नगर के ज्ञानपुर ब्लॉक सभागार में आयोजित मिशन श्रमिक कल्याण कार्यक्रम में नगर के भारी संख्या में धोबी, दर्जी, माली, मोची, नाई, बुनकर, रिक्शा चालक, घरेलू कर्मकार, हाथ ठेला चलाने वाला मजदूर, सब्जी विक्रेता, चाय पान विक्रेता, फुटपाथ व्यापारी सहित 45 प्रकार के असंगठित कर्मकार योजना का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पहुंचे। शुक्रवार को श्रम विभाग की ओर से खंड विकास कार्यालय ज्ञानपुर ब्लॉक में मिशन श्रमिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित कर श्रमिकों को पंजीकरण फार्म वितरण किया गया।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के साढ़े चार साल की



उपलब्धियां भी गिनाई गईं। ब्लॉक पर आने वाले श्रमिकों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सबसे अधिक महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभागार में बीडीओ अश्वनी पांडे व ब्लाक प्रमुख पति अखिलेश्वर प्रताप सिंह बबलू की मौजूदगी में श्रमिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों को केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। पंजीकरण कराने वाले श्रमिकों को सरकार की तरफ से संचालित सभी योजनाओं का समुचित लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही श्रमिकों को मिलने वाले बीमा योजना के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर सहायक श्रम अधिकारी कमलेश कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रतिमा मौर्य, वीरेंद्र यादव, अश्वनी मिश्रा, नरगिस आदि मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी द्वारा किया गया।

# बारी बजाहिया मे भाजपा की मंडलीय कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी कौंधियारा मंडल की कार्यसमिति बैठक बारीबजहिया के टी.डी .कॉन्वेंट स्कूल में मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी के अध्यक्षता में संपनन्‍ हुई मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती एवं बारा विधायक डॉ. अजय कुमार रहे, जिला अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों के संबंध में कार्यकर्ताओं को विधिवत जानकारी देते हुए उनमें जोश भरा तथा विधायक ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री एवं शीर्ष नेताओं द्वारा चलाई जा रही विभिनन्‍ योजनाओं पर अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा.श्यामा




प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया। अन्य मंचासीन पदाधिकारियों में जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह पटेल ,जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड, देव दत्त पांडेय,जिला प्रतिनिधि राजमणि पासवान, बूथ अध्यक्ष मुनन लाल पाल के साथ कार्यक्रम में अन्य प्रमुख लोगों में मंडल महामंत्री लालचंद शुक्ला, सुरेश चतुर्वेदी, शिवाकांत तिवारी, इंद्रजीत पटेल, बृजेंद्र मिश्रा, भानु प्रकाश ,जितेंद्र दास, दयाराम बिंद श्यामा कांत पांडे, हरि शरण सिंह ,श्रीराम, अरुण तिवारी, धर्मेंद्र पांडे, रोचक मिश्रा, सुनील तिवारी प्रेमचंद भारती, मंगला प्रसाद ,नरेंद्र कुमार, चंद्रमा प्रसाद ,अजय मिश्रा, आजाद सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ,तथा कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दिनेश प्रजापति ने किया।

## चोरी के साथ एक चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र में चोरी के टायर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके कब्जे से चोरी का दो टायर बरामद हुआ है। मेजारोड पुलिस चौकी प्रभारी पंकज कुमार त्रिपाठी, दरोगा सूर्यप्रकाश सिंह व कांस्टेबल प्रांशु कुमार ने क्षेत्र मे गश्त के दौरान उरुवा ब्लॉक के रेलवे लाइन के पास से एक अभियुक्त शीतला प्रसाद पुत्र स्व गुलाब सोनकर निवासी हेमपुर थाना मांडा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के दो जोड़ी टायर बरामद किए गए।



# बाढ़ पर बारा प्रशासन अलर्ट बाढ़ चौकियां स्थापित कर्मी तैनात

## तहसील मुख्यालय पर बाढ़ कंट्रोल रूम चालू

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर से लालापुर क्षेत्र के यमुना की तराई वाले गांवो के अंदर बेताब उफनाई यमुना बाढ़ के पानी की सूचना पर जहां तराई के गांवो के लोगों में बाढ़ को लेकर हड़कम्प मचा हुआ है ।वहीं यमुना में बढ़ते पानी की सूचना पर स्थानीय प्रशासन अलर्ट हो चुका है । बाढ़ की सूचना पर गुरुवार की शाम एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी राजस्व कमिन्यों को साथ ले घूरपुर के कंजासा और लालापुर के मझियारी आमद चायल गांव का स्थलीय निरीक्षण किया । इस बीच एसडीएम बारा ने यमुना के बढ़ते पानी को देख तराई के गांवो में मुनादी करा लोगों को सावधान रहने के लिए अलर्ट किया । लोगों से अपील की गई है कि इस संभावित भयावह स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन के साथ ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है कि वे भी बाढ़ पर नजर रखे और कोई खतरा समझ में आये तो समय से प्रशासन को सूचित करें ।साथ ही संभावित बाढ़ क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों को स्थापित कर कमिन्यो की तैनाती कर दी गई है।

### एसडीएम ने किया संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा

एसडीएम ने बातचीत के दौरान बताया कि बाढ़ को देखते हुए शरणार्थी स्थलों का निरीक्षण कर उन्हें साफ सुथरा करा दिया गया है । साथ ही तहसील मुख्यालय पर बाढ़ कंट्रोल रूम को भी चालू कर दिया गया है । बाढ़ पर नजर रखने के लिए राजस्व कमिन्यों को बराबर निगरानी के लिए लगाया गया । साथ ही बाढ़ से बचने के लिए नाविकों को भी सहेज लिया गया है । कहा कि प्रशासन ग्रामीणों की सुविधा के लिए है उनकी जो भी आवश्यकता होगी उसे पूर्ण किया जाएगा ।

# माली का काम करने वाला अशर्फी लाल की झाड़ियों में मिला शव- हडकंप

## ग्रामीणों के मुताबिक नशे का आदी था अशर्फी लाल

अखंड भारत संदेश

**करछन।** थाना के भीरपुर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी अंतर्गत घोड़ेडीह गांव स्थित देसी शराब ठेका के पीछे झाड.ियों में बृहस्पतिवार देर शाम को एक व्यक्ति का शव खेलने गए बच्चों को देखे जाने पर हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी होने पर धीरे-धीरे ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

सूचना होने पर करछना थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहा उपस्थित लोगों से मृतक शख्स का पहचान क्षेत्र के बराव के मजरा बोधा का पूरा गांव निवासी अशर्फीलाल पुत्र छब्बू लाल 45 वर्ष के रूप में किया गया।

वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अशर्फीलाल नशे का आदी था और वह क्षेत्र के बस्तर गांव में बीते कई महीनों से अपने बहन के यहां रहकर भीरपुर स्थित पांडेय गौशाला में माली का काम करता था।

बुधवार को वह रोजाना की तरह काम करने के लिए पांडे



पौधशाला के लिए गया था। जहां से देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। बृहस्पतिवार देर शाम को घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया।



# बैठक मे आशा बहुओं को गांवों मे ओ आर एस पैकेट बांटने के लिए दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे अधीक्षक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व आशा बहुओं की बैठक संपनन्‍ हुई।

बैठक मे आशा बहुओं को गांवों मे ओ आर एस पैकेट बांटने के लिए निर्देश दिया गया।

बता दें कि बृहस्पतिवार को मेजा सीएचसी मे अधीक्षक डॉ ओमप्रकाश की मौजूदगी मे स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंज्जू राय यूनिसेफ के अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार पांडे (ँश्ण् ) व आशा बहुओं की बैठक संपनन्‍ हुई। बैठक मे आशा बहुओं को गांवों मे जाकर पांच वर्ष के बच्चों को ओ आर एस पैकेट बांटने के लिए कहा गया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ ओमप्रकाश व डॉ अंज्जू राय ने आशा बहुओं को जागरूक किया। वहीं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए आशाओं को फटकार लगाई। और कहा कि अगर कोई भी काम करते नही मिले तो कार्यवाही करुंगी

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** भाजपा जंघई मंडल की बैठक का आयोजन आरडीएम इंटर कॉलेज जंघई में मंडल अध्यक्ष जंघई संदीप तोगड.िया की अध्यक्षता में संपनन्‍ हुई।मुख्य अतिथि जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा संजय मिश्र बनकटा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव 2022 की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया तथा केंद्र एवं प्रदेश की सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुचानें की अपील किया।इस अवसर पर पूर्व कोषाध्यक्ष श्यामधर मिश्रा, भाजपा नेता रमेश केसरवानी, मुकुंदलाल मौर्या, अरविंद विश्वकर्मा, कुशलेश



दुबे, आशुतोष पांडेय, आशुतोष त्रिपाठी, विमलेश कुमार पटेल, मनोज दुबे, डॉ विजय कुमार शुक्ला, बिंदु सिंह, प्रदीप शर्मा बाबा, कैलाश नाथ तिवारी, राजेश तिवारी, रीना सिंह, मनीष जायसवाल, मनोज मौर्या, गिरिजा शंकर बिंद, अखिलेश पांडेय, मनोज सिंह, रामधारी सरोज, अरुण दुबे, प्रदीप मिश्र, महावीर मिश्र, विनय दुबे, अच्छेलाल पटेल सहित तमाम भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### कैसे बचे वोडाफोन, गेंद सरकार के पाले में

कुमार मंगलम बिड़ला वोडाफोन आइडिया के नॉन-एग्जिक्यूटिव चेयरमैन पद से इस्तीफा दे चुके हैं, हालांकि कंपनी के पास इतना पैसा नहीं है कि वह कर्ज की किस्तें चुकाने के साथ-साथ निवेश भी कर पाए। आदित्य बिड़ला ग्रुप (एबीजी) के कुमार मंगलम बिड़ला ने वोडाफोन आइडिया के नॉन-एग्जिक्यूटिव चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी के पास इतना पैसा नहीं है कि वह कर्ज की किस्तें चुकाने के साथ निवेश भी कर पाए। पिछले 10 महीने से वोडाफोन आइडिया 25 हजार करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन उसके हाथ खाली हैं। इसमें 44.39 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले वोडाफोन ग्रुप और 27.66 फीसदी हिस्सेदारी वाले एबीजी ने और पैसा लगाने से मना कर दिया है। यानी वह दिवालिया होने की तरफ बढ़ रही है। इसीलिए बिड़ला को कहना पड़ा कि वह वोडाफोन आइडिया में अपना हिस्सा किसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी या घरेलू वित्तीय संस्थान को देने को तैयार हैं।

कंपनी को कर्ज देने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी परेशान हैं। वे मैनेजमेंट और सरकार के साथ इसे बचाने के लिए बातचीत कर रहे हैं, लेकिन इसके लिए केंद्र को सबसे पहले यह तय करना होगा कि वह टेलिकॉम सेक्टर में तीन कंपनियों को देखना चाहता है या रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के रूप में दो मजबूत कंपनियों से संतुष्ट रहेगा सरकार ने इस बारे में साफ-साफ तो कुछ नहीं कहा है, लेकिन ऐसे संकेत मिले हैं कि वह टेलिकॉम सेक्टर के लिए एक पैकेज तैयार कर रही है। इससे वोडाफोन आइडिया के साथ दूसरी कंपनियों को भी राहत मिलेगी। इसमें कंपनियों को स्पेक्ट्रम वापस करने का अधिकार देने, बैंक गारंटी घटाने, लाइसेंस फी और स्पेक्ट्रम चार्ज में कटौती या उन्हें खत्म करने और राहत पैकेज लागू होने की तारीख से एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (वह आमदनी, जिसके आधार पर सरकार अपने हिस्से के शुल्क वसूलती है) में अन्य खर्चों को हटाने जैसे प्रस्तावों पर गौर किया जा रहा है। लेकिन सिर्फ इतने से वोडाफोन आइडिया को बचाना मुश्किल होगा। कंपनी पर कुल 1.8 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। इसमें से 80 फीसदी रकम उसे सरकार को देनी है। ऐसे में इस कंपनी को बचाना है तो केंद्र को अपने बकाया के एक बड़े हिस्से के बदले उसमें हिस्सेदारी लेनी होगी। इससे वोडाफोन आइडिया की वह सबसे बड़ी शेयरहोल्डर हो जाएगी। चूंकि, कोई भी नीति पूरे सेक्टर के लिए समान होनी चाहिए, ऐसे में सरकार को यह प्रस्ताव दूसरी टेलिकॉम कंपनियों को भी देना होगा। जो कंपनियां मजबूत हैं, वे शायद ही पार्टनर बनाकर सरकार को अपने बोर्ड में जगह देंगी। इसलिए केंद्र को इस पर अमल करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इसके बाद सरकार को जो पैसा टेलिकॉम कंपनियों से लेना है, वह उसके भुगतान पर कुछ साल के लिए रोक लगा सकती है। इतना करने के बाद केंद्र को तीसरे पक्ष से कंपनी के लिए निवेश जुटाने की कोशिश करनी होगी। अगर यह योजना लाई जाती है और सफल होती है, तो वोडाफोन आइडिया शायद बच जाए।

## जब सिफारिश करने विमान से पहुंचे ज्ञानी जैलसिंह जी

**प्रभाष जोशी**

दिल्ली के तख्त पर इंदिरा गांधी लौट आई थीं और ज्ञानीजी को अपने मंत्रिमंडल में गृहमंत्री बना लिया था। इंदिरा जी ने दूसरे राज्यों के साथ पंजाब की भी सरकार को बर्खास्त किया और राष्ट्रपति शासन लगा दिया। अब कायदे से तो राष्ट्रपति शासन राष्ट्रपति का होना चाहिए और उनके प्रतिनिधि के नाते पूरा प्रशासन राज्यपाल के जिम्मे होना चाहिए। लेकिन आप जानते हैं कि केंद्र राज्यपालों से कैसा बर्ताव करता है और इंदिरा गांधी के राज में तो मुख्यमंत्री की हैसियत ही चपरासी से ऊंची नहीं होती थी तो बेचारे मनोनीत राज्यपाल तो कहीं पासंग में नहीं आते थे। पंजाब के राज्यपाल तब जयसुखलाल हाथी हुआ करते थे। संविधान और कायदे कानून के न सिर्फ जानकार थे बल्कि राजकाज उसी के अनुसार चलाने के आग्रही थे। एक दिन राज्यपाल जयसुखलाल हाथी ने लंच के लिए बुलाया। काफी बातचीत हो जाने के बाद अपन ने जानने की कोशिश की कि पंजाब का प्रशासन कैसा चल रहा है और अकालियों ने उसका जो अकालीकरण किया है तो उसे डिसमेंटल करना कितना मुश्किल हो रहा है उनका दुख प्रशासन से नहीं था। प्रशासन में ज्ञानी दखलअंदाजी से था। वे कुछ ही दिन पहले पंजाब के किसी कस्बे से किसी कार्यक्रम से लौटे थे। वहां ज्ञानीजी बीएसएफ का जहाज ले कर पहुंच गए थे। सिर्फ इसलिए कि पंजाब सर्विस कमिशन में उन्हें एक ऐसे व्यक्ति को मनोनीत करवाना था जो उनका कारकून, पीए या ऐसा ही कुछ रह चुका था जब वे पंजाब के मुख्यमंत्री थे। ऐसा नहीं था कि जयसुखलाल हाथी ने किसी और का नाम तय कर रखा था और ज्ञानीजी उसे हटवाकर अपने आदमी को लगवाना चाहते थे और यह राज्यपाल को बुरा लग रहा हो। पुराने जमाने के उन राज्यपाल को यह अजीब ही नहीं आपराधिक लग रहा था कि देश का गृहमंत्री अपने किसी पुराने और वफादार कर्मचारी को पब्लिक सर्विस कमिशन का सदस्य बनवाने के लिए सरकारी विमान ले कर आए और राज्यपाल के पीछे पड़े कि उसे बनवा ही दो। सार्वजनिक सुविधाओं और पदों का यह सरासर दुरुपयोग था। इससे राज्यपाल हाथी गुस्से और भर्त्सना में नहीं जैसे आंतरिक पीड़ा में थे।लेकिन यह तो शायद ताजा किस्सा रहा होगा। गृह मंत्रालय यानी ज्ञानीजी की और भी दखलंदाजी रही होगी रोजमर्रा के प्रशासन में जो राज्यपाल हाथी को न गृहमंत्री के योग्य लगती होगी न अपने पद की शोभा के अनुकूल क्योंकि मुझसे जो उनने कहा वह तो बहुत ही संयम से की गई शिकायत नहीं, अपनी पीड़ा की अभिव्यक्ति थी। उनने सचमुच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम एक लंबी चिट्ठी लिख रखी थी जिसमें सुझाया गया था कि राष्ट्रपति शासन का मतलब केंद्र का सीधा शासन होना चाहिए और उसमें राज्यपाल की वही भूमिका होनी चाहिए जो निर्वाचित सरकार के होते हुए होती है।



राज्यपाल के नाम से गृहमंत्री का दिल्ली से शासन चलाना राज्यपाल की संवैधानिक गरिमा और संविधान के अनुसार नहीं है। मैं नहीं जानता कि जयसुखलाल हाथी ने वह पत्र फाइनल किया या नहीं और इंदिरा जी को भेजा या नहीं। लेकिन आजादी के पहले के दो कांग्रेसी नेताओं की बनावट और उनके रवैये का फर्क उस दिन समझ में आया। फिर एक रात ऐसा हुआ कि हमारे विशेष संवाददाता और बुजुर्ग बीके चम अचानक और बड़े बेवक्त आ धमके। उनकी बड़ी बेटी की तब शादी हो रही थी और उनका चेहरा देख कर लगा कि कहीं गड़बड़ न हो गई हो। चम साब ने अकेले में बात की और राहत मिली कि मामला ऐसा गड़बड़ नहीं था। लेकिन चम साब चिंतित और उत्तेजित। उस दिन ज्ञानीजी चंडीगढ़ आए थे और चम साब को दुल्हन के लिए शगुन में इतना पैसा पहुंचा गए थे कि तब के हिसाब से वह लेन-देन के व्यवहार से कहीं ज्यादा अनुग्रह राशि नहीं तो शादी में मदद की रकम जरूर लगती थी। ज्ञानीजी जब पंजाब के मुख्यमंत्री हुआ करते थे तो चम साब नेशनल हेरल्ड के विशेष संवाददाता थे और ज्ञानीजी उन्हें अपनी पार्टी के अखबार वाले के नाते झुमाए रखते थे और चम साब को अच्छा नहीं लगता था। उस दिन भी उन्हें लगा कि ज्ञानीजी उन्हें या तो रिश्वत दे गए हैं या गरीब मान के मदद कर गए हैं। बात उन्हें ऐसी खटक रही थी कि रात भर वे सो नहीं सकते थे। आखिर हमने तय किया कि इक्यावन रुपए रख कर बाकी पैसे चम साब खुद जा कर सम्मान और विनम्रतापूर्वक ज्ञानीजी को लौटा आएंगे। ज्ञानीजी से संबंध बिगाड़ने में भी कोई मतलब नहीं था और उनकी मदद लेने की तो कतई कोई जरूरत नहीं थी। उनके गृहमंत्री रहने के ढाई साल के दौरान इंदिरा जी को समझ में आ गया था कि ज्ञानी जैलसिंह को दिल्ली से पंजाब की राजनीति करने दी गई तो वे न सिर्फ दरबारा सिंह को सरकार नहीं चलाने देंगे बल्कि पंजाब की समस्या का हल असंभव कर देंगे। उन्हें राजनीति से काटने और रायसीना के टीले पर किसी अल्पसंख्यक को बैठाने के लिए इंदिरा गांधी ने ज्ञानी जैलसिंह को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया। सन् बयासी में कांग्रेस और इंदिरा जी की ताकत पर्याप्त थी कि किसी को भी राष्ट्रपति बनवा दें। ज्ञानी जैलसिंह को राजनीति से काटने के लिए इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति बनाया लेकिन ज्ञानीजी ने राष्ट्रपति भवन का ही राजनीतिकरण कर दिया। राजनीति के बिना ज्ञानी जैलसिंह रह नहीं सकते थे। ज्ञानीजी भले ही पढ़े-लिखे अंग्रेजी दां न रहे हों लेकिन पंथनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य और भारत नामक राष्ट्र राज्य के बुनियादी सिद्धांत और चरित्र की उन्हें न सिर्फ सहज समझ थी बल्कि उनमें अटूट आस्था भी थी। इसीलिए राजीव गांधी को उन्होंने इंदिरा गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलवाई। जैसे उन्होंने इंदिरा जी का अहसान उतारा हो। बाद की घटनाओं से साबित भी हुआ कि दोनों में एक-दूसरे के लिए कोई सम्मान नहीं था।

## इंजीनियरिंग की पढ़ाई मातृभाषा में कराने का क्रांतिकारी कदम मोदी जैसे साहसी नेता ही उठा सकते हैं

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कोई भी शक्तिशाली और संपनन्‍ देश ऐसा नहीं है, जहाँ विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई होती हो। हिरन पर घास लादने की मूर्खता सिर्फ भारत-जैसे पूर्व गुलाम देशों में ही होती है। इसके विरुद्ध डॉ. लोहिया ने जो स्वभाषा आंदोलन चलाया था, उसका मूर्त रूप अब देखने में आ रहा है। यह खुश खबर है कि देश के आठ राज्यों के 14 इंजीनियरिंग कालेजों में अब पढ़ाई का माध्यम उनकी अपनी भाषाएँ होंगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पहली वर्षगांठ पर इस क्रांतिकारी कदम का कौन स्वागत नहीं करेगा अब बी. टेक की परीक्षाओं में छात्रगण हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, कनन्ड़, गुजराती, मलयालम, बांग्ला, असमिया, पंजाबी और उड़िया माध्यम से इंजीनियरी की शिक्षा ले सकेंगे। मातृभाषा के माध्यम का यह शुभ-कार्य यदि 1947 में ही शुरू हो जाता और इसे कानून, गणित, विज्ञान, चिकित्सा आदि सभी पाठ्यक्रमों पर लागू कर दिया जाता तो इन सात दशकों में भारत विश्व की महाशक्ति बन जाता और उसकी संपनन्ता यूरोप के बराबर हो जाती।दुनिया का कोई भी शक्तिशाली और संपनन्‍ देश ऐसा नहीं है, जहाँ विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई होती हो। हिरन पर घास लादने की मूर्खता सिर्फ भारत-जैसे पूर्व गुलाम देशों में ही होती है। इसके विरुद्ध डॉ. लोहिया ने जो स्वभाषा आंदोलन चलाया था, उसका मूर्त रूप अब देखने में आ रहा है। जब 1965-66 में मैंने इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज़ में अपना पीएच.डी. का शोध ग्रंथ हिंदी में लिखने की मांग की थी तो मुझे निकाल बाहर किया गया था। संसद ठप्प हो गई थी लेकिन उसके 50-55 साल बाद अब क्रांतिकारी कदम उठाने का साहस भाजपा सरकार कर रही है। सरकार में दम और दृष्टि हो तो शिक्षा में से अंग्रेजी की अनिवार्य पढ़ाई पर कल से ही प्रतिबंध लगाए और देश के हर बच्चे की पढ़ाई उसकी मातृभाषा में ही हो।अंग्रेजी समेत कई अन्य विदेशी भाषाएं स्वेच्छया पढ़ने-पढ़ाने की सुविधाएँ विश्वविद्यालय स्तर पर जरूर हों लेकिन यदि शेष सारी पढ़ाई स्वभाषा के माध्यम से होगी तो यह निश्चित जानिए कि नौकरियों में आरक्षण अपने आप अनावश्यक हो जाएगा। गरीबों, ग्रामीणों और पिछड़ों के बच्चे बेहतर सिद्ध होंगे। परीक्षाओं में फेल होने वालों की संख्या घट जाएगी। कम समय में ज्यादा पढ़ाई होगी। पढ़ाई से मुख मोड़ने वाले छात्रों की संख्या घटेगी। छात्रों की मौलिकता बढ़ेगी। वे नए-नए अनुसंधान जल्दी-जल्दी करेंगे। लेकिन भारत की शिक्षा का स्वभाषाकरण करने के लिए सरकार में अदम्य इच्छा-शक्ति की जरूरत है। रातों-रात दर्जनों पाठ्य-पुस्तकें, संदर्भ-ग्रंथ, शब्द-कोश, प्रशिक्षण शालाएँ आदि तैयार करवाने का जिम्मा शिक्षा मंत्रालय को लेना होगा। स्वभाषा में शिक्षण का यह क्रांतिकारी कार्यक्रम तभी अपनी पूर्णता को प्राप्त करेगा, जब सरकारी नौकरियों से अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त होगी। क्या किसी नेता या सरकार में दम है, यह कदम उठाने का यदि आपने संसद में, अदालतों में, सरकारी काम-काज में और नौकरियों में अंग्रेजी को महारानी बनाए रखा तो मातृभाषाओं की हालत नौकरानियों-जैसी ही बनी रहेगी। मातृभाषाओं को आप पढ़ाई का माध्यम जरूर बना देंगे लेकिन उस माध्यम को कौन अपनाना चाहेगा

## अमेरिका की लापरवाही से बिगड़े हालात भारत समेत पूरी दुनिया के लिए सबक हैं

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

वैज्ञानिकों द्वारा कोरोना की तीसरी लहर की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। यहां तक माना जा रहा है कि यूरोपीय देशों में तो तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। यह तो संपनन्‍ और शिक्षित देशों के हालात हैं। ऐसे में पिछड़े देशों के हालात की कल्पना आसानी से की जा सकती है।

एक छोटी-सी लापरवाही अमेरिका सहित दुनिया के देशों पर भारी पड़ने लगी है। दरअसल अमेरिका में कोरोना संक्रमण का ग्राफ एक बार फिर बढ़ने लगा है और इसका प्रमुख कारण सरकार द्वारा मास्क हटाने के जल्दबाजी के निणन्य को माना जा रहा है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि अमेरिका में वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगा चुके नागरिकों को भी अब बंद स्थानों पर भी मास्क लगाए रहने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल मास्क हटाने की लापरवाही के चलते अमेरिका में संक्रमण का ग्राफ 145 फीसदी तक बढ़ गया है। 28 जुलाई को अमेरिका संक्रमण के मामलें में एक बार फिर शीर्ष पर आ गया और 61 हजार नए मामले सामने आए हैं। चिंता की बात यह है कि भारत भी संक्रमण के मामले में दूसरे नंबर पर और ब्राजील तीसरे नंबर पर चल रहे हैं। हालांकि कोरोना से मौत के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। पर हालात की गंभीरता को इसी से समझा जाना चाहिए कि केरल और महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है।

दरअसल अमेरिका में 14 मई को एक आदेश जारी कर वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगा चुके लोगों को सार्वजनिक और इनडोर स्थानों पर भी मास्क न लगाने की छूट दे दी गई। लोगों को मौका मिल गया और फिर कोरोना प्रोटोकाल की पालना नहीं होनी ही थी। इससे कोरोना के नए अवतार डेल्टा का संक्रमण बढ़ने लगा और परिणाम सबके सामने हैं। यह सब तो तब है जब अमेरिका में 49 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं। ऐसा नहीं है कि अमेरिका में ही यह हालात हो, इंग्लैण्ड की स्थिति सबके सामने है। इसी तरह कमोबेश स्थितियां अन्य देशों में सामने आ रही हैं। वैज्ञानिकों द्वारा कोरोना की तीसरी लहर की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। यहां तक माना जा रहा है कि यूरोपीय देशों में तो तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। यह तो संपनन्‍ और शिक्षित देशों के हालात हैं। ऐसे में पिछड़े देशों के हालात की कल्पना आसानी से की जा सकती है। देश में कोरोना की दूसरी लहर के हालातों ने जितनी जनहानि की है वह त्रासद स्थिति भुलाए नहीं भूली जा सकती। ऑक्सीजन के लिए तड़पते संक्रमितों और उनके परिजनों को एक अस्पताल से दूसरे



अस्पताल जाते, बेड नहीं मिलने के कारण अस्पताल के बाहर ही दम तो.ड़ते लोगों के जो हालात सामने रहे हैं वह हालातों को स्वयं बयां करने को काफी हैं। वेंटिलेटर बेड, ऑक्सीजन बेड के लिए जो मारामारी रही और जिस तरह से कुछ असामाजिक लोगों ने इन हालातों का बेजा फायदा उठाने का प्रयास किया वह मानवता को शर्मसार करने के लिए काफी है। कोरोना के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं की जिस तरह से जमाखोरी और कालाबाजारी सामने आई और एक-एक लाख तक में इंजेक्शन ब्लैकियों द्वारा उपलब्ध कराया जाना अपने आप में चिंतनीय है। ऐसे में तीसरी लहर के लिए गंभीर होना जरूरी हो जाता है। खासतौर से तीसरी लहर में बच्चों के अधिक संक्रमित होने की भविष्यवाणी गंभीर हो जाती है।दरअसल हमें ही नहीं बल्कि दुनिया के देशों को अमेरिका के ताजा हालातों से सबक लेना होगा। हमारे यहां भी छूट का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर आवाजाही आम होती जा रही है। हालांकि अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए देर सबेर हालात सामान्य करना भी आवश्यक है। पर इस सबके साथ कोरोना प्रोटोकाल की पालना भी उतनी ही जरूरी हो जाती है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि कोरोना अभी गया नहीं है। इसका असर बरकरार है। इसलिए लोगों को कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति गंभीर रहना ही होगा। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी आज भी उतना ही जरूरी है जैसा पहले था। अब स्टे होम, स्टे सेफ की बात करना तो बेमानी होगा। क्योंकि कोरोना के साथ साथ ही हमें जीना है, आगे बढ़ना है, आर्थिक गतिविधियों को संचालित करना है, काम धंधे जारी रखना है। आखिर सरकार की भी एक सीमा है। ऐसे में देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व हो जाता है कि वो आत्म नियंत्रण करना सीखे। यह हमारी सनातन परम्परा भी कहती आ रही है। इसमें नया कुछ भी नहीं है। निज पर शासन फिर अनुशासन आज की आवश्यकता है। मास्क का उपयोग और दो गज की दूरी उतनी ही जरूरी है जितनी कोरोना के पहले दौर में थी। मास्क लगाना, बार-बार हाथ धोना और सेनेटाइजर का उपयोग आने वाले समय में भी जारी रखना होगा। अपनी सुरक्षा अपने हाथ में है यह हमें समझना होगा। यह देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी हो जाती है। हालांकि देश में तेजी से वैक्सीनेशन जारी है। पर हमें अमेरिका से सबक लेना होगा, वैक्सीनेशन का मतलब कोरोना व खासतौर से कोरोना के नए अवतारों से मुक्ति नहीं समझना होगा। हालांकि देश में एंटीबॉडीज का प्रतिशत बढ़ रहा है। यह भी सही है कि कोरोना की दोनों डोज लेने के बाद भी संक्रमित हुए हैं और ऐसे संक्रमितों को जीवन मृत्यु से दो चार होते हुए देखा गया है। इसलिए हमें मास्क लगाना, दो गज की दूरी सहित कोरोना प्रोटोकाल की पालना के लिए गंभीर रहना ही होगा। सरकार को भी कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति कठोरता बरतनी ही होगी।

## एक नुक्ते ने जलील साहब को ज़लील कर दिया

हिंदुस्तान में पैदा हुई, यहीं पली-बढी उर्दू के बारे में इकबाल

**नाइश हसन**

अशहर साहब ने जब यह फ़रमाया कि- देखा था कभी मैंने भी खुशियों का ज़माना, अपने ही वतन में हूं मगर आज अकेली, उर्दू है मेरा नाम मैं खुसरो की सहेलीष्ठ तो वाज़े कर दिया कि उर्दू के हालात रोज़-ब-रोज़ ख़स्ता हुए है और इसके तख़रीबकार कोई और नहीं, खु.द हम हैं। उर्दू तुर्की लफ़्ज़ है जिसके मानी थे शाही ख़ेमा या तंबू। जब ये लफ़्ज हिंदुस्तान आया तो इसके यहां शुरुआती मानी रहे शाही ख़ेमा या फौजी पड़ाव। शाहजहां ने दिल्ली में जब लालक़िला बनवाया, यह भी एक क़िस्म से उर्दू था यानी शाही पड़ाव। वह बहुत वसीह भी था, लेहाज़ा उसे सिर्फ उर्दू न कह कर उर्दू-ए-मोअल्ला कहा गया और यहां बोली जाने वाली ज़बान, ज़बान-ए-उर्दू-ए-मोअल्ला यानी आला शाही खे.मे की ज़बान कहलाई। उर्दू नस्तालीक़ तहरीर में लिखी जाती है, जो फ़ारसी-अरबी तहरीर की एक शक्ल है। आज 5 करोड़ से ज्यादा हिंदुस्तानी उर्दू बोलते हैं। ये ज़बान की सहरकारी ही तो है कि न सिर्फ हिंदुस्तान, बल्कि उर्दू से मोहब्बत के असीर पूरी दुनियां में मौजूद हैं। बड़ा मसला यह है कि वो ज़बान जिससे हमें इश्क़ है, उसको लवाहिक़ीन के दरमियां भी और सिनेमा के पर्दे पर भी अक्सर ग़लत बोला जा रहा है। यह बाएस-ए- फ़िक्र है। इसके पीछे की मज़ीद वजूहात पर ग़ौर करना होगा कि ऐसा क्यों है उर्दू में अरबी, फ़ारसी और तुर्की ज़बान के बहुत से लफ़्ज़ शामिल हैं और कुछ ऐसी आवाजें है जो दूसरे मोमालिक से हिंदुस्तान आईं। उनके सही तलफ़्फ़ुज़ सीखने और बोलने का चलन तब हिंदी में नहीं था। ये आवाजें. थी क़ ख़ ग़ फ़ श और ज़ जो अरबी, फारसी, तुर्की और अंग्रेज़ी जबानों में मौजूद थी। हिंदी में क ख ग फ और ज की आवाजें पहले से ही थीं। हिंदी ने उर्दू को अपने में समा लिया, दोनों ज़बानें हम-नेवाला, हम-प्याला बन गईं। लेकिन दिक्कत तब पेश आई, जब पहले से चल रहे क, ख, ग, ज और फ के नीचे नुक.ता लगाया गया।

हिन्दी में क ख ग और फ में नुक.ता नहीं था, लेहाज़ा वह आज भी बोलने में नहीं आ सका और उसका नतीजा ये है कि आज भी जब हम देवनागरी में उर्दू के लफ़्ज लिखते हैं, तो नुक.ता लगाने और न लगाने की ग़लती या कम इल्मी से वह जलील से ज़लील हो जाता है। जलील यानी मोतबर और नुक.ता लगाकर ज़लील यानी बेइज़्ज़त करना। तो एक नुक.ते के फेर से जलील साहब ज़लील हो गए । चूंकि हिंदी बोलने वालों के लिए इसका इस्तेमाल नया था, तो तलफ़्फ़ुज़. को लेकर दुश्वारियां पेश आईं। अक्सर व बेशतर ग़लती उन्ही लफ़्ज़ों में होती रही, जिनमें क़ ख़ ग़ फ़ और ज़ का इस्तेमाल होता है। तलफ़्फ़ु.ज़ की अहमियत का अंदाजा लगाने के लिए देखते हैं कुछ आम इस्तेमाल के लफ़्ज़, जो नुक.ते के फेर से ग़लत इस्तेमाल होते है। क़मर-चांद, कमर-पेट के नीचे का जिस्म, शक़-टुकड़े करना, शक-शुबहा, ख़र- गधा, खर- पतवार, ख़ाना-घर, खाना-खूराक, ख़ुदा- भगवान, खुदा- खुदी हुई जमीन, दवाख़ाना-दवा की दुकान, दवा खाना- दवाई मुंह में खा लेना, साग़र- शराब का प्याला, सागर- समंदर, राज़- पोशीदा, राज- हुकूमत, तेज़-फुर्तीला, तेज- दमकना, क़ल्ब- दिल, कल्ब- कुत्ता, दुख़- बेटी, दुख- अफसोस। इनके फ़र्क. को न जानने पर तलफ़्फ़ुज़ पर क़ाबू नहीं पाया जा सकता। इसके बरअक.स यह भी ज़रूरी है कि मसन्द-ए-इक.तेदार को ज़बान के फ़रोग़ पर भी तवज्जो देनी चाहिए, चूंकि उर्दू तो कह रही है कि क्यों मुझको बनाते हो तास्सुब का निशाना, मैंने तो कभी खुद को मुसलमां नहीं माना। इस मौज़ू पर आवाम की तवज्जो भी दरपेश है, वरना एक शीरीं ज़बान क़िस्स-ए-माज़ी बनकर कहीं तारीख के औराक़ में न सिमट जाए।

## संवैधानिक दायरे में सियासी लाभ

**ए. सूर्यप्रकाश**

मोदी सरकार ने मेडिकल एवं डेंटल पाठ्यक्रमों में आरक्षण को लेकर हाल में एक महत्वपूर्ण पहल की। इसके अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों यानी ईडब्लूयूएस के लिए इनमें अखिल भारतीय स्तर पर आरक्षण का विस्तार किया जाएगा। यह भाजपा जैसी एक राष्ट्रीय पार्टी द्वारा उठाया गया चतुराई भरा कदम है। इसके माध्यम से उसने अपने मूल मतदाताओं को खुश रखते हुए तमाम क्षेत्रीय दलों के जातिगत समर्थन में सेंध लगाने का प्रयास किया है। भारतीय संविधान के पहले संशोधन में अनुच्छेद 15 में धारा चार जोड़ी गई। इसके अनुसार राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति या सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े अन्य वर्गों के उत्थान के लिए विशेष प्रविधान करने का अधिकार प्रदान किया गया है। यह राज्य द्वारा की गई आरंभिक स्वीकारोक्ति थी कि ऐसे नागरिकों के संरक्षण के लिए आरक्षण या ऐसी अन्य नीतियां आवश्यक थीं।

ओबीसी को लेकर आजादी के बाद से ही सुगबुगाहट जारी रही है। इस मसले की पड़ताल के लिए कई आयोग और समितियां गठित की गईं। इनमें काका कालेलकर आयोग प्रमुख था। कालेलकर आयोग ने 1953 में अपनी रिपोर्ट सौंपी। राज्यों में भी दर्जनों आयोग सक्रिय रहे। सरकार ने कालेलकर आयोग की रपट पर कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि उसमें उसे गंभीर विरोधाभास महसूस हुए। इसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री देवराज अर्स ने राज्य में ओबीसी को लेकर हैवनूर आयोग गठित कर उसकी रपट के क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाए। 1978 में बिहार के मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने अपने राज्य में ओबीसी के लिए नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था का एलान किया। वह ओबीसी के उप-वर्गीकरण के भी धुर समर्थक थे। इसके बाद मंडल आयोग की वजह से यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर मुखरित हुआ। मंडल आयोग का गठन 1979 में जनता पार्टी सरकार ने किया था। आयोग ने दिसंबर 1980 में अपनी रिपोर्ट दी। उसका उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की पड़ताल और उनके सुधार के उपाय सुझाना था। मंडल आयोग ने आर्थिक पिछड़ेपन का संज्ञान नहीं लिया। आयोग की दृष्टि में देश की 52 प्रतिशत आबादी ओबीसी के दायरे में आती है, लिहाजा उसके अनुसार सभी नौकरियों में उनका 52 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार बनता था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा निर्धारित कर दी। ऐसे में आयोग ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटे की सिफारिश की। मंडल आयोग ने कहा कि अनुच्छेद 14 विधि के समक्ष समता की गारंटी देता है, लेकिन समता का सिद्धांत एक दोधारी तलवार है। यह जीवन की दौड़ में सशक्त और अशक्त को एक ही पायदान पर रखता है। चूंकि आयोग का उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन की पड़ताल करना था, इसलिए आर्थिक पिछड़ेपन को चिन्हित करना उसके एजेंडे में नहीं था। उसने स्पष्ट रूप से कहा कि 'किसी समाज की मानवीयता के स्तर का निर्धारण इसी से होता है कि वह अपने कमजोर, अशक्त और साधनहीन सदस्यों को किस प्रकार संरक्षण प्रदान करता है।

यद्यपि जाति अभी भी पिछड़ेपन को निर्धारित करने वाला एक प्रमुख कारक है, लेकिन समय के साथ उन गरीब वर्गों के स्वर भी मुखर हुए हैं, जो सामाजिक ढांचे में ओबीसी से ऊंचे स्तर पर माने जाते हैं। उनका कहना है कि ओबीसी, एससी और एसटी के लिए विशेष प्रविधानों ने उनके लिए कोई खास गुंजाइश नहीं छोड़ी है। राज्य ने उन्हें तथाकथित अगड़ी जातियों में आंका और इसी आधार पर उन्हें विशेष संरक्षण का पात्र नहीं माना, लेकिन उनकी दयनीय आर्थिक दशा ने स्वतंत्र भारत में उभरे नए सामाजिक एवं आर्थिक समीकरणों में उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिए। यही भावनाएं मंडल आयोग की सिफारिशों के खिलाफ आक्रामक रूप से अभिव्यक्त हुईं। मंडल के पक्ष-विपक्ष में हुई लामबंदी ने पहले से ही विभाजित हिंदू समाज में विभाजन की खाई को और चौड़ा कर दिया। इसके उलट वीपी सिंह के जनता दल से जुड़े नेता इसका जशन्‍ मनाते रहे, क्योंकि आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों से उन्हें अपना ओबीसी वोट बैंक मजबूत होता दिखा। उसके बाद जनता परिवार में कई विभाजन हुए। लालू प्रसाद की राजद, नीतीश कुमार की जदयू और एचडी देवगौड़ा के जनता दल सेक्युलर ने ओबीसी कार्ड खेलकर अपने-अपने राज्यों में सत्ता का स्वाद चखा।

एक वक्त देश भर में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ओबीसी राजनीति के व्यापक प्रभाव का अनुमान लगाने में नाकाम रही। इसी कारण बिहार जैसे राज्यों से उसका सूपड़ा साफ हो गया और उसकी सियासी जमीन पर अन्य पाटिर्यां काबिज हो गईं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का विकल्प बनी भाजपा ने इन जाति केंद्रित दलों को चुनौती देकर उन्हें उनके ही खेल में मात देने की दिशा में कदम बढ़ाए। भले ही यह सब वोटरों को लुभाने का खेल हो, लेकिन यहां संविधान में उल्लिखित राज्य के नीति निदेशक तत्वों को नहीं भुलाना चाहिए।



## बजरंग पूनिया सेमीफाइनल में हार

जापान की राजधानी टोक्यो में खेले जा रहे ओलंपिक खेलों के 14वें दिन शुक्रवार को भारत को कोई पदक नहीं मिला। भारतीय महिला हॉकी टीम कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन से 3.4 से हार गई। इस हार के बाद टीम ब्रॉन्ज मेडल जीतने से चूक गई। हॉकी के अलावा कुश्ती में स्टार रेसलर बजरंग पूनिया सेमीफाइनल में हार गए। बजरंग को मौजूदा ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट और तीन बार के विश्व चैंपियन अजरबैजान के हाजी अलीएव के खिलाफ 5.12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड नंबर 2 और टोक्यो ओलंपिक में दूसरी सीड बजरंग अब ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में रूस ओलंपिक समिति के गादजिमुराद रेशिदोव के खिलाफ मैट पर उतरेंगे। वहींए एथलेटिक्स में भारत को निराशा हाथ लगी। हालांकि गोल्फ में भारत के मेडल जीतने की उम्मीदें बढ़ गई है। महिला गोल्फर अदिति अशोक तीसरे राउंड के बाद भी दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं।

# टूटा मेडल का सपना, तो मैदान पर कुछ ऐसे छलक पड़े बहादुर बेटियों के आंसू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का सफर टोक्यो ओलंपिक में खत्म हो गया। ब्रॉन्ज मेडल के मैच में भारतीय टीम को ग्रेट ब्रिटेन के हाथों 3.4 से हार झेलनी पड़ी। भारतीय महिला टीम ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और 0.2 से पिछड़ने के बावजूद जबर्दस्त वापसी करते हुए एक समय 3.2 की बढ़त हासिल कर ली थी। करोड़ों भारतीय फैन्स को भारतीय महिला टीम से मेडल की उम्मीद थीए लेकिन चौथे नंबर पर रहने के बावजूद पूरा देश इन लड़कियों को सलाम कर रहा है। टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इसी टीम ने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराया था।




इसके बाद टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ 1.2 से हार का सामना करना पड़ा। ब्रॉन्ज मेडल मैच में टीम को ग्रेट ब्रिटेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा और इसके बाद भारतीय महिला खिलाड़ी मैदान पर ही रोने लगीं। गोलकीपर सविताए जो पूरे टूर्नामेंट में गोलपोस्ट के आगे दीवार की तरह डटी रहींए वह भी इस हार के बाद अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं।

भारत ने इस मैच को जीतने के लिए सबकुछ दांव पर लगा दिया था। आखिरी क्वार्टर में ग्रेट ब्रिटेन को पेनल्टी कॉर्नर देना और उसका बचाव नहीं कर पाना अंत में टीम को सबसे ज्यादा भारी पड़ा और ग्रेट ब्रिटेन ने यहीं पर 4.3 से बढ़त हासिल कर लीए जो बाद में निर्णायक स्कोर साबित हुआ। ये तस्वीरें दिल तोड़ने वाली हैंए लेकिन इन लड़कियों ने टोक्यो में एक मिसाल कायम कर दी है। इन्होंने साबित कर दिया है कि महिला हॉकी पर बनी फिल्म चक दे इंडिया! को सच किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरा देश इन बेटियों को सलाम कर रहा है और यह भी किसी जीत से कम नहीं है। इन लड़कियों ने साबित कर दिया है कि इस बार हम मेडल से चूक गए तो क्याए अगली बार जरूर मेडल लाएंगे।



## रेसलर दीपक पुनिया के कोच ने हार के बाद रेफरी पर किया हमला, आईओसी ने उठाया सख्त कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पहलवान दीपक पुनिया के विदेशी कोच मुराद गैदारोव को एक रैफरी के साथ हाथापाई करने के लिए शुक्रवार को टोक्यो ओलंपिक से बाहर कर दिया गया। भारतीय पहलवान के कांस्य पदक के प्ले.ऑफ में यह रैफरी मौजूद था जिसमें दीपक पूनिया सैन मारिनो के माइल्स नजीम अमीन से हार गए थे। इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी ;आईओसीद्ध ने मामले की सुनवाई के बाद गैदारोव का श्एक्रीडिटेशन रद्द कर दिया। भारतीय ओलंपिक संघ ;आईओएद्ध महासचिव राजीव मेहता ने ट्वीट कियाए श्भारतीय कुश्ती टीम के विदेशी सहायक कोच मुराद गैदारोव एक मैच रैफरी से हाथापाई की घटना में शामिल थे जिससे उन्हें तुरंत टोक्यो ओलंपिक खेल गांव से बाहर कर दिया गया और उन्हें भारत के लिए पहली उड़ान से वापस बुला लिया गया है।श् भारतीय कुश्ती महासंघ ने गैदारोव ;42 वर्षद्ध को पिछले कुछ समय से 2018 जूनियर वर्ल्ड चैंपियन को ट्रेनिंग देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# आईपीएल के दूसरे चरण से पहले बीसीसीआई ने बबल टू बबल ट्रांसफर को दी हरी झंडी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 का दूसरा चरण 19 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा। इस दौरान कई देशों के खिलाड़ी अलग-अलग देशों में अपनी नेशनल टीम के लिए खेल रहे होंगे। ऐसे में बीसीसीआई ने ये फैसला लिया है कि टीमें एक बायो-बबल से दूसरे बायो-बबल में जा सकती हैं। बीसीसीआई ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) और भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में व्यस्त खिलाड़ियों को आईपीएल के बायो-बबल में जाने की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। अब बीसीसीआई ने श्रीलंका और साउथअफ्रीका की सीरीज में मौजूद खिलाड़ियों को आईपीएल के बायो-बबल में एंट्री की स्वीकृति दे दी है।

क्रिकबज के अनुसार बीसीसीआई ने एक 46 पननें की हेल्थ एडवाइजरी जारी की है जिसमें कहा गया है, 'इंग्लैंड बनाम भारत सीरीज, श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका सीरीज और कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के लिए बनाए गए बबल से सीधे आने वाले खिलाड़ियों और टीम के सहायक कर्मचारियों को क्वारंटीन के बिना फ्रैंचाइज़ी टीम में शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते वे मानदंडों को पूरा करते हैं। कमेंटेटर और प्रसारण दल जो उपरोक्त तीन श्रृंखलाओं पर काम कर रहे हैं' बबल टू बबल ट्रांसफर का लाभ उठा सकते हैं बशर्ते वे मानदंडों को पूरा करते हों।' बीसीसीआई ने आगे कहा, 'सभी फ्रेंचाइजी टीम के सदस्यों को बबल में प्रवेश करने से पहले पूरे 6 दिनों के लिए अपने होटल के कमरे में क्वारंटीन करना होगा। आगमन पर और किसी भी समूह प्रशिक्षण गतिविधियों को शुरू करने से पहले, बबल में शामिल किए जाने वाले टीम के सभी सदस्य नीचे दिए गए ण्ध्ब्छ-19ऊ-झ्ं टेस्ट की प्रक्रिया का पालन करेंगे। टेस्ट के लिए एक नासॉफिरिन्जियल स्वैब लिया जाएगा। टेस्ट सैंपल के 8-12 घंटों के भीतर टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध होती है।' इससे पहले बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजी टीम को ये कहा है कि आईपीएल शुरू होने से पहले सभी मेम्बर वैक्सिनेटेड होने चाहिए।



## मैच हारकर भी आपने देशवासियों का दिल जीता : नवीन पटनायक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने वो कर दिखाया है जिसके बारे में किसी ने इससे पहले सोचा भी नहीं था। जब भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो के लिए रवाना हुई थी तो ऐसा ही लग रहा था कि ये टीम ग्रुप स्टेज तक का ही सफर तय कर पाएगीए या ज्यादा से ज्यादा क्वार्टरफाइनल तक जाएंगी। मगर इन खिलाड़ियों ने सब कयासों पर पानी फेर दिया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। क्वार्टरफाइनल में भारतीय टीम ने मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम को 1.0 से हराकर सभी फैन्स के मन में महिला टीम से एक पदक की उम्मीद जगा दी। मगर ब्रॉन्ज मेडल मैच में भारतीय टीम ब्रिटेन की चुनौती से पार नहीं पा सकीं। बहरहालए टीम इंडिया के इस प्रदर्शन की देश में हर कोई तारीफ कर रहा है। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला हॉकी टीम से बात कीए और उनका हौसला बढ़ाया। इस लिस्ट में अब ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का नाम भी शामिल हो गया है। उन्होंने भी टीम से बात की और उनके खेल की जमकर तारीफ की।

# आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में हिस्सा लेने के लिए दुबई रवाना होगी चेन्नई सुपर किंग्स की टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के बचे हुए 31 मैचों में हिस्सा लेने के लिए 13 अगस्त को दुबई रवाना होगी। सीएसके टीम के सीईओ काशी विश्वनाथन ने इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में चेनन्ई को पहले मुकाबले में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ना है। तीन बार की चैंपियन सीएसके की टीम का प्रदर्शन पहले फेज में शानदार रहा था और टीम ने 7 मैचों में से 5 में जीत दर्ज की थी, जबकि 2 मुकाबलों में टीम को हार झेलनी पड़ी थी।




सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) काशी विश्वनाथन ने एक बयान में कहा, 'हम 13 अगस्त तक दुबई जाने की योजना बना रहे हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सहित सभी घरेलू खिलाड़ी इस दिन दुबई के लिए रवाना होंगे।' चेनन्ई के बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस और ऋतुराज गायकवाड़ ने टीम को इस साल ज्यादातर मैचों में शानदार शुरुआत दी थी, जबकि टीम के गेंदबाजों ने भी काफी प्रभावित किया था। हालांकि, यूएई में सीएसके का रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और आईपीएल 2020 में टीम यहां की परिस्थितियों में सहज नजर नहीं आई थी। कई खिलाड़ियों के कोरोना की चपेट में आने के चलते बीसीसीआई ने 4 अगस्त को आईपीएल 2021 को स्थगित करने का फैसला किया था। भारत में कोरोना की भयावह स्थिति को देखते हुए बाद में टूर्नामेंट को यूएई शिफ्ट करने का फैसला लिया गया। आईपीएल के दूसरे फेज की शुरुआत 19 सितंबर से होगी और टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा।

## बारिश की वजह से मैच रुका, भारत मजबूत स्थिति में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का आज तीसरा दिन है। बारिश की वजह से खेल अभी रुका हुआ है। इंग्लैंड का दूसरी पारी में स्कोर बिना विकेट खोए 20 रन के पार है। इंग्लैंड की तरफ से इस समय क्रीज पर पर रोरी बर्न्स और डोमिनिक सिब्ले हैं। इंग्लैंड के पहली पारी में बनाए 183 रनों के जवाब में भारत ने पहली पारी में 278 रन बनाए। भारत को पहली पारी के आधार पर 95 रनों की बढ़त मिली है। केएल राहुल ने भारत की तरफ से सर्वाधिक 84 बनाए। इंग्लैंड की तरफ से ओली रॉबिन्सन ने 5 और एंडरसन टेस्ट ने 4 विकेट लिए।




## 17 साल बाद बार्सीलोना से अलग हुए मेस्सी, हुआ एक युग का अंत

**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने 17 साल बाद बार्सीलोना क्लब से अलग होने का फैसला किया है जिससे एक युग का अंत हो गया है। बार्सीलोना ने गुरुवार को कहा कि मेस्सी क्लब के साथ नहीं रहेंगे। क्लब ने कहा कि स्पेनिश लीग के वित्तीय नियमों के कारण अर्जेंटीना के स्टार के साथ नया अनुबंध करना असंभव हो गया है। मेस्सी ने बार्सीलोना के साथ सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिताब जीते। बार्सीलोना ने कहा कि नए करार पर बात हो चुकी थी लेकिन वित्तीय अड़चनों के कारण मेस्सी का क्लब के साथ बने रह पाना संभव नहीं है। क्लब ने कहाए श्क्लब और मेस्सी के बीच समझौता हो गया था लेकिन वित्तीय और ढांचागत दिक्कतों के कारण वह संभव नहीं हो सका। मेस्सी ने पिछले सीजन के आखिर में ही क्लब छोड़ने की इच्छा जताई थी लेकिन तत्कालीन अध्सक्ष जोसेफ बातीमू ने उसे खारिज कर दिया था।

# रोहित शर्मा के आउट होने पर मचा हंगामा, हिटमैन ने जवाब से कर दी आलोचकों की बोलती बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर और लिमिटेड ओवर फॉर्मेट के बेस्ट बल्लेबाजों में शामिल रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भी सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपनी पहचान बनाने में जुटे हैं। टेस्ट ओपनर के तौर पर रोहित का बल्ला भारतीय पिचों पर तो खूब चला है, लेकिन विदेशों में वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील करने से चूक जाते हैं। ऐसा ही एक नजारा इंग्लैंड के खिलाफ नॉटिंघम में खेले जा रहे पहले टेस्ट की पहली पारी में भी देखने को मिला। रोहित शर्मा ने 36 रनों की पारी खेली और जब लगा कि वह बड़ा स्कोर खड़ा करेंगे, तभी ओली रॉबिन्सन की गेंद पर ढीला शॉट खेलकर वह पवेलियन लौट गए। मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने




के बाद रोहित ने अपने आउट होने के तरीके का बचाव किया।

रोहित ने कहा, 'आपको शॉट खेलने के लिए तैयार रहना था क्योंकि इंग्लैंड के गेंदबाज काफी कसी हुई गेंदबाजी कर रहे थे। ऐसे में जो गेंद आपके एरिया में आए, उस पर आपको शॉट खेलना ही पड़ता। मैं और केएल राहुल जब क्रीज पर थे, तो हम यही कर रहे थे। हम दोनों ने बात की थी कि अगर एक-दो शॉट लगाने का मौका मिलेगा, तो हम उससे पीछे नहीं हटेंगे। ऐसा करने के दौरान अगर आप आउट हो जाते हैं, तो निराशा तो होती ही है, लेकिन अगर उस गेंद पर विकेट गिरने की बजाय बाउंड्री मिल जाती तो... अगर बॉल थोड़ा इधर-उधर होती, तो कुछ भी हो सकता था। रोहित और केएल राहुल ने मिलकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई, दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी निभाई। रोहित 107 गेंद पर 36 रन बनाकर आउट हुए और इस दौरान छह चौके लगाए। राहुल ने 151 गेंद पर 57 रन बना लिए हैं और अभी भी क्रीज पर डटे हुए हैं। भारत ने 97 रनों पर पहला विकेट गंवाया, लेकिन इसके बाद 15 रनों के अंदर तीन और विकेट गंवा दिए। रोहित को रॉबिन्सन ने आउट किया, जबकि चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली का विकेट जेम्स एंडरसन के खाते में गया। अजिंक्य रहाणे रनआउट होकर पवेलियन लौटे।

## धोनी के ट्विटर अकाउंट से ब्लू टिक हटा, फैंस ने जमकर निकाली भड़ास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान हैं। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 का टी-20 वर्ल्ड कप, 2011 का वनडे वर्ल्ड कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया था। उनकी धुंआधार बल्लेबाजी ने गेंदबाजों को और विकेट के पीछे फुर्ती ने बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। मैदान पर उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत ही देश ही नहीं विदेशों में भी धोनी के लाखों करोड़ों फैन्स बन गए। जहां सभी सेलिब्रिटी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं, वहीं धोनी इन सबसे काफी दूर रहते हैं। कभी-कभी ही धोनी अपने सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट करते हैं। धोनी ने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर आखिरी पोस्ट इसी साल 8 जनवरी को किया था।

# आकाश चोपड़ा ने बताया, जेम्स एंडरसन के खिलाफ कहां हुई पुजारा और विराट कोहली से चूक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बेच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का दूसरा दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों के नाम रहा। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भारत के दो महत्त्वपूर्ण बल्लेबाज विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा के विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ तोड़ दी। पुजारा ने अपनी पारी में मात्र 4 रन ही जोड़ सके। वहीं भारतीय कप्तान विराट कोहली अपनी पहली ही गेंद पर एंडरसन का शिकार हो गए। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एंडरसन की गेंदबाजी की तारीफ की है। भारत के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने एक बार फिर निराश किया। उनके इस प्रदर्शन पर भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने इसपर चिंता जतायी है।




आकाश ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'जेम्स एंडरसन ने चेतेश्वर पुजारा को बहुत अच्छी गेंद पर वापस भेजा। अच्छी गेंदों पर आउट होने में कोई शर्म नहीं है, लेकिन यहां समस्या यह है कि पुजारा को ज्यादा गेंदें मिल रही हैं। यह कुछ ऐसा है जो उनके दिमाग में चल रहा होगा। जैसे उनके मन में सवाल होगा- 'मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है ?' 'क्या मैं अच्छी गेंदों को होने दे रहा हूं या कुछ ऐसा है कि मैं सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण हूं ?' यही वे सवाल हैं जिसका पुजारा को जवाब देना होगा। पुजारा के अलावा आकाश ने कोहली की बल्लेबाजी की समीक्षा की। उन्होंने कहा, '2018 में कोहली, एंडरसन की गेंद पर एक बार भी आउट नहीं हुए थे। वे ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को छोड़ रहे थे लेकिन इस बार उसने स्टंप के पीछे पहली गेंद फेंकी और एंडरसन ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट निकाल लिए। पुजारा और कोहली की विकेट ने खेल को पूरी तरह से बदल दिया। विकेट लेने वाली दोनों गेंद वास्तव में अच्छी थी। लेकिन जिस गेंद ने कोहली को आउट किया।

## महिला पैदल चाल में प्रियंका गोस्वामी 17वें और भावना 32वें स्थान पर रहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक में महिला 20 किलोमीटर पैदल चाल में प्रियंका गोस्वामी 17वें स्थान पर रहीं, जबकि भावना जाट ने 32वीं पोजिशन पर रहते हुए रेस खत्म की। प्रियंका रेस की शुरुआत में काफी अच्छी पोजीशन में थी, लेकिन आखिर में वह पिछड़ गई। गुरप्रीत सिंह पुरुष की 50 किलोमीटर पैदल चाल को पूरा करने में नाकाम रहे और गर्मी की वजह से हुई ऐंठन के चलते उनको अपना नाम वापस लेना पड़ा। ओलंपिक में भारतीय पैदल चाल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा।

पच्चीस साल की प्रियंका ने एक घंटे 32 मिनट 36 सेकेंड का समय निकाला जो उनके व्यक्तिगत बेस्ट एक घंटे 28 मिनट और 45 सेकेंड के प्रदर्शन से बाहर था जबकि यह उन्होंने फरवरी में नेशनल ओपन पैदल चाल चैम्पियनशिप के दौरान ही बनाया था। स्पर्धा हालांकि काफी गर्मी और उमस भरी परिस्थितियों में संपनन्न हुई।

# पदक से चूकने के बावजूद पीएम मोदी ने महिला हॉकी टीम के जज्बे को सराहा, कहा- भारत को इस टीम पर गर्व है




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो ओलंपिक में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-4 से हारकर ब्रॉन्ज मेडल जीतने से चूक गई। ब्रिटेन ने एक समय मुकाबले में 2-0 की बढ़त बना ली थी। लेकिन तभी भारतीय महिलाओं ने जोरदार वापसी की और चार मिनट के अंदर तीन गोल दागकर 3-2 की बढ़त बना ली। हालांकि ब्रिटेन ने तीसरे क्वार्टर में वापसी कर ली और फिर उसने चौथे क्वार्टर में बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय टीम बराबरी नहीं कर पाई और वह इस हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीतने से चूक गई। इस हार के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला हॉकी टीम की तारीफ की है। मोदी ने एक के बाद एक अपने दो ?ट्वीट में भारतीय टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि टीम अपने बेस्ट प्रदर्शन से नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, ' हम महिला हॉकी में पदक से चूक गए। लेकिन यह टीम नए भारत को प्रतिबिंबित करती है जिसमें हम अपना बेस्ट प्रदर्शन करके नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। टोक्यो ओलंपिक में उनकी सफलता से कई युवा लड़कियों को हॉकी खेलने और उसमें अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी। इस टीम पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि लोग टोक्यो ओलंपिक में हमारी महिला हॉकी टीम का प्रदर्शन हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा, ' उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। टीम के हर सदस्य में जबर्दस्त साहस, कौशल और दृढ़ता है। भारत को इस टीम पर गर्व है। आपने क्ष्प्दम्वब्र्ट्टी के पौधे को सींचा है, जो यकीनन फल देगा और आने वाला समय हमारा है, हिंदुस्तान की बेटियों का है।

## महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल के पिता ने कहा- विजेताओं की तरह होना चाहिए स्वागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को ब्रॉन्ज मेडल में मैच में ब्रिटेन से हार कर भी जीत गई। महिला टीम ने अपने खेल से उन करोड़ों भारतीयों के दिलों को जीत लिया जो 2 हफ्ते पहले तक उन्हें हारा हुआ करार दिया था। भारतीय टीम के इस प्रदर्शन की पूरे देश में चर्चा हो रही है। भारतीय हॉकी टीम ब्रॉन्ज मेडल मैच में ब्रिटेन से 3-4 से हार गई। इस हार के बाद भी पूरे देश में भारतीय महिला हॉकी टीम की जमकर तारीफ हो रही है। हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल के पिता ने कहा, 'पूरी दुनिया आज भारतीय महिला हॉकी टीम के खेल की प्रशंसा कर रहा है, और इस टीम का स्वागत एक विजेता टीम की तरह होना चाहिए, क्योंकि ये इसकी हकदार हैं।

# कांग्रेस पर नहीं रही अब दीदी की 'ममता' जंतर-मंतर पर राहुल संग विपक्ष के प्रदर्शन में नहीं शामिल हुई टीएमसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेगासस जासूसी कांड और कृषि कानूनों के खिलाफ विपक्ष सड़क से संसद तक सरकार से लड़ाई के मूड में है। मोदी सरकार को घेरने के लिए लगातार राहुल गांधी विपक्षी एकता को मजबूत करने की कोशिशों में जुटे हैं और ताबड़तोड़ बैठकें कर रहे हैं। मगर हर बार कोई न कोई विपक्षी दल गायब ही रहता है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब शुक्रवार को जंतर-मंतर पर राहुल गांधी संग विपक्ष के प्रदर्शन से कुछ पार्टियां गायब रहीं। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य विपक्षी नेता आज शुक्रवार को दोपहर में जंतर-मंतर पहुंचकर तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के प्रति एकजुटता का प्रदर्शन किया।

जंतर-मंतर पर अन्य पार्टियों के नेताओं संग पहुंचे राहुल गांधी ने किसान आंदोलन में हिस्सा लिया।



इस दौरान विपक्षी दलों के नेताओं ने नारे लगाए और उनके हाथ में 'सेव फार्मर्स, सेव इंडिया' यानी 'किसान बचाओ, देश बचाओ' के पोस्टर दिखे। लेकिन इस दौरान सबसे हैरान करने वाली जो बात थी वह यह कि विपक्षी दलों के इस जुटान में टीएमसी का कोई भी प्रतिनिधि नहीं दिखा। जंतर-मंतर पर विपक्षी दलों के जमावड़े से ममता बनर्जी की टीएमसी, अरविंद केजरीवाल की आप और मायावती की बसपा अलग रही। इससे पहले राहुल गांधी की ब्रेकफास्ट मीटिंग में आम आदमी पार्टी और बसपा शामिल नहीं हुई थी। मगर यहां चौंकाने वाली बात है कि इस बार जंतर-मंतर पर विपक्षी दलों के जुटान से टीएमसी गायब रही। बता दें कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से पहले कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक में यह फैसला किया गया। इस बैठक में राहुल गांधी के अलावा राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा एवं जयराम रमेश, द्रमुक के टीआर बालू, शिवसेना के संजय राउत और अन्य विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए।

गौरतलब है कि संसद सत्र के मद्देनजर किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर पिछले कुछ दिनों से सांकेतिक 'संसद का आयोजन किए हुए है। किसान संगठनों की मांग तीनों कानूनों को निरस्त करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनाने की है। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी नेताओं की बैठक में यह भी तय किया गया कि पेगासस जासूसी मामला और महंगाई के मुद्दे पर सरकार को आगे भी घेरा जाएगा। पेगासस और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर, संसद के मॉनसून सत्र में शुरू से ही दोनों सदनों में गतिरोध बना हुआ है। 19 जुलाई से यह सत्र आरंभ हुआ था, लेकिन अब तक दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही है। विपक्षी दल इस बात जोर देते आ रहे हैं कि पेगासस जासूसी मुद्दे पर पहले चर्चा कराने के लिए सरकार के तैयार होने के बाद ही संसद में गतिरोध खत्म होगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए गत शुक्रवार को लोकसभा में कहा था कि यह कोई मुद्दा ही नहीं है।

# अखिलेश यादव से मिलने के लिए चाचा शिवपाल ने कई बार मांगा समय, भतीजे की तरफ से रिस्पांस नहीं

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई और प्रमासपा के अध्यक्ष शिवपाल यादव अपने भतीजे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीब आना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि सपा के साथ उनकी पार्टी एक मंच पर दिखाई दे। इसके लिए शिवपाल ने कई बार मिलने के लिए अखिलेश यादव से समय मांगा लेकिन अभी तक समय नहीं मिल सका है।

एक टीवी चैनल से बातचीत में भतीजे अखिलेश यादव को लेकर चाचा शिवपाल का दर्द छलका। मुलायम परिवार से अलग राह पकड़ने के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) हमेशा परिवार को साथ लेकर चले, फिर गांव को और फिर समाजवादी पार्टी को भी एक परिवार की तरह साथ लेकर चले। मुलायम सिंह यादव ने दुश्मनों को भी गले लगाया और आगे बढ़ते रहे।



भतीजा (अखिलेश) भी उसी राह पर चले तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने तो समय-समय पर कई दफे अखिलेश से मिलने का समय मांगा लेकिन अब तक मिला नहीं है। शिवपाल यादव ने कहा कि नेताजी की बात मानी जाती तो तस्वीर और होती।

शिवपाल ने भतीजे अखिलेश यादव को आशीर्वाद देने के सवाल पर कहा कि चाचा शब्द में आत्मीयता है। कौन नहीं चाहेगा आशीर्वाद देना। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि समान विचारधारा वाले सभी सेक्यूलर दल एकसाथ आएं और विजयी हों। उन्होंने कहा कि मेरी पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता समाजवादी पार्टी है। शिवपाल ने भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर फेल बताया। उन्होंने कहा कि अब राजनीति धर्म के नाम पर नहीं, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर होगी।

# तालिबान ने अफगान सरकार के मीडिया और सूचना निदेशक की हत्या की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान सरकार के मीडिया और सूचना निदेशक दावा खान मेनपाल की काबुल में हत्या कर दी गई है। तालिबान ने दावा खान की हत्या की जिम्मेदारी ली है। टोलो न्यूज़ ने इस बात की जानकारी दी है। यह हत्या तालिबान द्वारा काबुल में रक्षा मंत्री के घर पर हमले के कुछ दिनों बाद हुई है।

तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने दावा खान की मौत को लेकर कहा है कि दावा को उसके कार्यों के लिए दंडित किया गया है। दावा लगातार अफगान सरकार की बातों और स्टैंड को ट्वीट किया करते थे। दावा खान हालिया दिनों में पाकिस्तानी छद्म युद्ध के खिलाफ बहुत बोल रहे थे।



बता दें कि दावा खान अफगान सरकार के पूर्व प्रवक्ता रहे हैं।

अफगानिस्तान गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मीरवाइस स्टानिकजई ने दावा की हत्या को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा, 'क्रूर आतंकियों ने एक बार फिर कायरतापूर्ण काम किया है। एक देशभक्त अफगान को शहीद कर दिया। अफगानिस्तान में तालिबान की हिंसा बेरोकटोक जारी है। तालिबान ने एक बच्ची को बुर्का न पहनने के लिए मौत का घाट उतार दिया है।

पिछले ही हफ्ते तालिबान ने मशहूर अफगान कॉमेडियन की हत्या कर दी थी। 5 अगस्त को तालिबान ने अफगानिस्तान के प्रसिद्ध कवि और इतिहासकार अब्दुल्ला आतिफी की हत्या कर दी थी। तालिबान ने अफगान सुरक्षा बलों के साथ ही आम लोगों पर हमले तेज कर दिए हैं। तालिबान ने पूर्वोत्तर प्रांत तखर सहित कई जिलों पर कब्जा कर लिया है। तालिबान 100 से अधिक डिस्ट्रिक सेंटर्स पर कब्ज़ा कर चुकी है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 34 प्रांतीय राजधानियों में से 17 को तालिबान से सीधे तौर पर खतरा है।

## कब तक आ जाएगी डिजिटल करेंसी, आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने बताई पूरी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक इस साल के अंत तक डिजिटल करेंसी का मॉडल ला सकता है। केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने शुक्रवार को यह बात कही। शंकर ने मौद्रिक समीक्षा के बाद कहा, ''डिजिटल मुद्रा लाने की तिथि बताना मुश्किल है। हम निकट भविष्य, संभवतः इस साल के अंत तक इसका मॉडल ला सकते हैं।'' उन्होंने इस बात को दोहराया कि केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी पेश करने की संभावनाओं का आकलन कर रहा है। वह इसके विभिन्न-पहलुओं मसलन दायरे, वितरण तंत्र और अनुमोदन की व्यवस्था पर गौर कर रहा है। इससे पहले शंकर ने 22 जुलाई को कहा था कि भारत भी चरणबद्ध तरीके से डिजिटल मुद्रा पर विचार कर रहा है। यह इसके लिए सही समय है। चीन ने पहले ही डिजिटल मुद्रा का परीक्षण के तौर पर प्रयोग शुरू किया है। वहीं बैंक ऑफ इंग्लैंड और अमेरिका का केंद्रीय बैंक भी इसपर विचार कर रहा है। आपको बता दें कि केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा पर काफी साल से काम चल रहा है। इस दौरान निजी क्रिप्टोकरेंसी मसलन बिटकॉइन काफी लोकप्रिय हुई है, जो ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी पर आधारित है।



## संशोधित जीएनसीटीडी कानून के एक प्रावधान पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष को ऐतराज, खटखटाएंगे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शुक्रवार को केंद्र पर जीएनसीटीडी कानून (उ‍ण्ऊ‍र्‍ऊ‍ॅ) में संशोधन करके सदन की समितियों की शक्तियों को छीनने का आरोप लगाया और कहा कि वे इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। गोयल ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) कानून में संशोधन के माध्यम से केंद्र दिल्ली विधानसभा की समितियों की शक्ति में हस्तक्षेप करना चाहता है। इस साल मार्च में संसद में पास संशोधित कानून यह स्पष्ट करता है कि दिल्ली में ''सरकार का अर्थ ''उपराज्यपाल है।

# मोदी और जेटली स्टेडियम के भी बदलो नाम, खेल रत्न का नाम बदलने पर बोली कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' का नाम 'मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार' किये जाने के फैसले का शुक्रवार को स्वागत किया है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर महान हॉकी खिलाड़ी के नाम का उपयोग अपने राजनीतिक उद्देश्य के लिए करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम एवं दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम का नाम भी बदला जाना चाहिए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी देश के नायक हैं जो किसी पुरस्कार से नहीं, बल्कि अपनी



शहादत, विचार और आधुनिक भारत के निर्माण के लिए जाने जाते हैं। सुरजेवाला ने कहा, ''राजीव गांधी इस देश के लिए नायक थे, हैं और रहेंगे।उन्होंने कहा, ''हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के प्रति सम्मान प्रकट करने का कांग्रेस स्वागत करती है। लेकिन नरेंद्र मोदी जी उनका नाम अपने छोटे राजनीतिक उद्देश्यों के नहीं घसीटते तो अच्छा होता।

# दिल्ली भाजपा नेताओं ने सीएम आवास के पास किया प्रदर्शन, सभी साप्ताहिक बाजारों को फिर से खोलने की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के पास प्रदर्शन करते हुए सभी साप्ताहिक बाजारों को पूरी तरह फिर से खोलने की अनुमति देने की मांग की। ये बाजार कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान बंद हुए थे। अभी दिल्ली सरकार के आदेश के अनुसार, एक नगर निगम वार्ड में केवल एक साप्ताहिक बाजार को खोलने की अनुमति है। अप्रैल में कोविड-19 के मामले बढ़ने के बाद इन बाजारों को बंद कर दिया गया था। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता और विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में पार्टी नेता चंदगीराम अखाड़ा में एकत्रित हुए। मुख्यमंत्री के आवास की ओर मार्च करने पर पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। गुप्ता ने कहा कि साप्ताहिक बाजारों को फिर से



खोलना चाहिए क्योंकि ये लाखों लोगों की आजीविका का साधन हैं।

गुप्ता ने कहा कि कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली के लगभग 2700 साप्ताहिक बाज़ारों को बंद कर दिया गया था, लेकिन अब कोरोना के मामले कम होने पर लगभग सभी कुछ खोल दिया गया है तो साप्ताहिक बाजार के माध्यम से रोजी-रोटी कमाने वालों के बारे में न सोचना उनके प्रति अन्याय है। कोविड काल के बाद अब दिल्ली के बाजार और मॉल खोल दिए गए हैं और वहां स्थिति सामान्य होती जा रही है तो सप्ताहिक बाजारों को भी राहत मिलनी चाहिए।उन्होंने कहा कि इन बाजारों में व्यापार करने वाले छोटे व्यापारी हैं और काम धंधा पूरी तरह से बंद हो जाने से उनके सामने घर चलाने का संकट बढ़ता जा रहा है। लोगों के खर्चे तो कम नहीं हुए हैं, उल्टे आमदनी बंद हो चुकी है। गुप्ता ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि जब आपने पूरी दिल्ली में सब खोल दिया है तब इन साप्ताहिक बाजार लगाने वालों के साथ अछूता व्यवहार क्यों।

## कैमुना क्रेडिट घोटाले का एक और आरोपी गिरफ्तार, करोड़ों रुपये डकार चुकी है संस्था

**टनकपुर,चम्पावत (एजेंसी)।** उत्तराखंड के लोगों का करोड़ों रुपया डकार चुके कैमुना क्रेडिट सोसायटी घोटाले के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घोटाले का मुख्य आरोपी पूर्व में ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया था। पुलिस घोटाले में शामिल फरार अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है। कुछ साल पूर्व कैमुना क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी की एक शाखा टनकपुर में खोली गई थी। जिस पर भरोसा कर लोगों ने सोसायटी की शाखा में खून पसीने की कमाई को निवेश किया था। इसके बाद लोगों के जमा किए लाखों रुपये लेकर टनकपुर से कंपनी फरार हो गई। मामले में पुलिस ने स्थानीय एजेंट की तहरीर पर कंपनी के एमडी समेत कई लोगों पर केस दर्ज किया था। हाल ही में घोटाले का मुख्य आरोपी और कैमुना क्रेडिट का एमडी प्रदीप अस्थाना को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया था।

# चार लाख युवाओं को रोजगार देने की तैयारी में योगी सरकार

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी सरकार युवाओं को रोजगार की सबसे बड़ी सौगात देने की तैयारी कर रही है। आने वाले दिनों में इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र रोजगार का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है।

इसके लिए राज्य सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग नीति 2020 के तहत निवेश के प्रस्ताव मिलने के साथ ही सरकार ने व्यापार और रोजगार का नया खाका खींचना शुरू कर दिया है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को 5 साल के भीतर इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 4 लाख से अधिक रोजगार सृजन कराने है। योजना के तहत पांच वर्षों में 40,000 करोड़ के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। नई नीति के तहत कोविड 19 को देखते हुए चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक् उपकरणों के



प्रदेश में ही निर्माण के लिए लखनऊ, उननव, कानपुर जोन में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की योजना तैयार की गई है।

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति 2020 के तहत नोयडा में सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना आईसीईए और इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से स्थापित की जाएगी, जो कि अनुसंधान एवं विकास केन्द्र के रूप में कार्य करेगा। यह उत्पाद आयात के स्थान पर देश में ही निर्मित होंगे। इसके साथ ही यमुना एक्सप्रेस वे में जेवर एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रॉनिक सिटी की स्थापना, बुंदेलखंड में रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

# तालिबान से लड़ने के लिए महिला गवर्नर ने फौज बनाई

डॉयचे वेले,दिल्ली **(एजेंसी)।** तालिबान को रोकने के लिए अफगानिस्तान की एक महिला गवर्नर अपने इलाके में फौज खड़ी कर रही है. अपनी जमीन और मवेशी बेच कर लोग हथियार खरीद रहे हैं और उनकी सेना में शामिल हो रहे हैं.पिकअप की फ्रंट सीट पर सलीमा माजरी मजबूती से बैठी हैं. उत्तरी अफगानिस्तान के ग्रामीण इलाकों से गुजरती उनकी गाड़ी की छत पर लगे लाउडस्पीकर में एक मशहूर स्थानीय गाना बज रहा है. पुरुष प्रधान अफगानिस्तान के एक जिले की महिला गवर्नर माजरी तालिबान से लड़ने के लिए मर्दों की फौज जुटाने निकली हैं. गाड़ी पर गाना बज रहा है, ठमेरे वतन... मैं अपनी जिंदगी तुझ पर कुर्बान कर दूंगाठ इन दिनों सलीमा अपने इलाके के लोगों से यही करने को कह रही हैं. मई की शुरूआत से ही तालिबान अफगानिस्तान के ग्रामीण इलाकों में उमड़ा चला आ



रहा है।

यही वो समय था जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिका की सबसे लंबी लड़ाई खत्म करने और फौज की वापसी का हुक्म दिया था. इसके बाद से बहुत दूरदराज के पहाड़ी गांवों और घाटियों पर तालिबान ने कब्जा कर लिया है. लेकिन चारकिंत पर नहीं. बाल्ख प्रांत के मजार ए शरीफ से करीब घंटे भर की दूरी पर मौजूद चारकिंत सावधान है. तालिबान के शासन में महिलाओं और लड़कियों की पढ़ाई लिखाई और नौकरी पर रोक लग गई थी. 2001 में तालिबान का शासन खत्म होने के बाद भी लोगों का रवैया कुछ कुछ ही बदला है. माजरी कहती हैं, ठतालिबनी बिल्कुल वही हैं जो मानवाधिकारों को कुचल देते हैं. सामाजिक रूप से लोग महिला नेताओं को स्वीकार नहीं कर पातेठ माजरी हजारा समुदाय से आती हैं और समुदाय के ज्यादातर लोग शिया हैं, जिन्हें सुननी मुसलमानों वाला तालिबान बिल्कुल पसंद नहीं करता।

## हिजबुल्लाह ने इजरायल पर दागे रॉकेट्स, आयरन डोम डिफेंस सिस्टम ने बचाया

**बेरूत (एजेंसी)।** इजरायल का लेबनान और ईरान के साथ मामला एक बार फिर बढ़ता जा रहा है। ईरान समर्थित लेबनानी ग्रुप हिजबुल्लाह ने कहा है उसने 6 अगस्त को विवादित इजरायली शेबा फ़ार्म्स क्षेत्र में रॉकेट दागे हैं। हिजबुल्लाह का कहना है कि यह इजरायली हवाई हमलों का जवाब था। हालांकि इस हमले में किसी की मौत नहीं हुई है और न ही कोई घायल हुआ है। इजरायली सेना ने कहा है कि दक्षिण लेबनान से इजरायल पर कम से कम 10 रॉकेट दागे गए है। हम लेबनान में हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्च साइट्स पर हमला कर रहे है। इजरायली सेना ने बताया है कि हिजबुल्लाह द्वारा छोड़े जा रहा अधिकतर रॉकेट्स आयरन डोम डिफेंस सिस्टम द्वारा इंटरसेप्ट किए गए है। बाकी के रॉकेट खुले क्षेत्रों में गिरे है। किसी भी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। पिछले तीन दिनों से लेबनान और इजरायल के बीच रॉकेट हमले जारी है। साल 2006 के बाद से यह पहली बार है जब इजरायल और हिजबुल्लाह खुलकर आमने-सामने हैं।

# अफगानिस्तान पर भारत को ईरान से उम्मीद

**डॉयचे वेले, दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर के ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण शामिल में शामिल होने को भारत की तरफ से एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है.जयशंकर ना सिर्फ इब्राहिम रईसी के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे, बल्कि वो रईसी से अलग से मिल कर भारत-ईरान संबंधों पर बातचीत भी करेंगे. इसे अफगानिस्तान में बिगड़ते हालात और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर पश्चिमी देशों की नाराजगी के बीच भारत और ईरान के द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है. वैसे तो दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंध है, लेकिन हाल में इन संबंधों पर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर लंबे समय से चल रहे विवाद की छाया पड़ गई थी. मई 2019 में ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से भारत ने ईरान से कच्चा तेल खरीदना बंद कर दिया था. फिर अगस्त 2019 में कश्मीर के संबंध में लिए गए फैसलों की ईरानी नेताओं ने आलोचना भी की. रिश्तों में दरार 2020 में दिल्ली में हुए दंगों के बाद भी ईरानी नेताओं ने भारत में मुस्लिमों के हालात पर सख्त शब्दों में चिंता व्यक्त की थी, जिसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने ईरान के राजदूत को बुला कर इन टिप्पणियों पर भारत की नाराजगी भी व्यक्त की थी. हालांकि अब रईसी के शपथ



ग्रहण में खुद विदेश मंत्री की मौजूदगी दोनों देशों के रिश्तों को लेकर नए संकेत दे रही है.

लगभग एक महीने की अवधि के अंदर यह जयशंकर की दूसरी तेहरान यात्रा है. माना जा रहा है कि इन दोनों यात्राओं का उद्देश्य जिन मुद्दों पर चर्चा करना है उनमें अफगानिस्तान में बिगड़ते हालात सबसे अहम् मुद्दों में से है. अफगानिस्तान ईरान का पड़ोसी देश है और दोनों देशों करीब 900 किलोमीटर लंबी साझा सीमा है. ऐतिहासिक रूप से ईरान के तालिबान से रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं. तालिबान में सुननी मुसलमानों का वर्चस्व है और ईरान में शिया मुसलमानों की संख्या ज्यादा है. 1996 से 2001 तक जब तक अफगानिस्तान में तालिबान का शासन रहा, ईरान ने तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दे. हालांकि अब हालात अलग हैं. अमेरिकी सैनिकों के अफगानिस्तान छोड़ कर चले जाने की तालिबान की मांग का ईरान ने समर्थन किया था और अब वो तालिबान के साथ एक व्यवहार्य रिश्ता रखना चाह रहा है। ईरान के विदेश मंत्री जावद जरीफ ने हाल ही में अफगानिस्तान पर एक बैठक की मेजबानी की, जिसमें तालिबान के प्रतिनिधि भी शामिल थे. अफगानिस्तान पर चिंता भारत भी अफगानिस्तान के हालत को लेकर चिंतित है और अफगानिस्तान के भविष्य से जुड़े सभी हितग्राहियों से बात कर रहा है. संभव है जयशंकर की ईरान यात्राओं के उद्देश्यों में से यह एक अहम् बिंदु हो. मध्य एशिया मामलों के जानकार जाकिर हुसैन कहते हैं कि तालिबान के नेता अगर कट्टरपंथ की तरफ जाते हैं तो यह स्थिति ईरान के लिए भी खतरनाक होगी और ऐसा होने पर वो तालिबान के खिलाफ ऐसे देशों के साथ साझेदारी करना चाहेगा जिनसे उसकी सोच मिलती है. जाकिर कहते हैं इस संबंध में भारत और ईरान के बीच साझेदारी की काफी संभावना है. जानकारों का मानना है कि अफगानिस्तान के अलावा जयशंकर की यात्रा का उद्देश्य आने वाले दिनों में रईसी के नेतृत्व में भारत-ईरान साझेदारी को आगे बढ़ाने का संकेत देना भी हो सकता है।